www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//
सत्य केवल उनके लिए ही कड़वा होता है जो लोग झूठ में रहने के आदि हो चुके हो।

दैनिक नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | देश-विदेश

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 1 जुलाई 2022, शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-129 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

## आज बेबाक

इसे कहते है बड़े बेआबरू होकर कूचे से निकलना। उद्धव ठाकरे को पता था कि उनके तीन चक्के वाली महाअघाड़ी सरकार का ब्रेक एकनाथ शिंदे ने फेल कर दिया है। फिर भी वे अंतिम क्षण तक कुर्सी पर कुंडली मार कर बैठे रहे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उन्हे फ्लोर टेस्ट से बच कर इस्तीफा देने में ही अपनी भलाई नजर आई। संजय राउत के बड़बोलेपन ने उनकी सरकार का बेड़ा गर्ग कर दिया। ऊपर से बेइज्जती भी खराब हो गई। ठाकरे की जगह अब शिंदे मुख्यमंत्री बन रहे है ऐसे मे अब शिवसेना की बागडोर भी उनके हाथ से न फिसल जाएं।

### सूर्योदय

उदय : 5.27 प्रात:

अस्त : 7.23 संध्या

### जनसंख्या

विश्व : 7,957,410,890

भारत : 1,407,577,300

### बाजार

सेंसेक्स : 53018.94

निफ्टी : 15780.30

गोल्ड : 50,890 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 59,200 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 5.61 प्रति नग

### प्रदेश का मौसम

| स्थान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रायपुर | 32.8 | 24.3 |
| बिलासपुर | 33.8 | 26.0 |
| जगदलपुर | 32.2 | 24.0 |
| अंबिकापुर | 28.7 | 23.9 |

### आज का दिवस

**राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस** : भारत में हर वर्ष 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य है कि डॉक्टरों को उनके अमूल्य योगदान के दिए सम्मान दिया जाए। भारत सरकार ने सबसे पहले नेशनल डॉक्टर डे साल 1991 में मनाया था। एक जुलाई को देश के महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉक्टर बिधानचंद्र रॉय का जन्मदिन और पुण्यतिथि होती है। यह दिन उन्हीं की याद में मनाया जाता है। भारत सरकार ने सबसे पहले नेशनल डॉक्टर डे साल 1991 में मनाया था। भारत में इसकी शुरुआत 1991 में तत्कालिक सरकार द्वारा की गई थी। यह दिन भारत के महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री को सम्मान और श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मनाया जाता है। कोविड-19 पूरी दुनिया के लिए खतरा बना हुआ है। इस बीमारी से उबारने में देश के डॉक्टरों ने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। पूरे देश में उन्होंने एक टीम की तरह काम किया। किसी ने अपनी सोच पर बीमारी से लड़ने की रणनीति बनाई, किसी के सेवा भाव ने कमाल किया।

# महाराष्ट्र का राजनीतिक पटाक्षेप, भाजपा के समर्थन से एकनाथ शिंदे बने नए मुख्यमंत्री

**मुंबई (ए.)।** एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। शिंदे ने मराठी में शपथ ली। बता दें कि देवेंद्र फडणवीस ने ही ऐलान किया था कि एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि वह खुद सरकार में नहीं होंगे और बाहर से सरकार की मदद करेंगे। हालांकि बाद में जेपी नड्डा ने खुद मीडिया के सामने आकर कहा कि पार्टी चाहती है कि वह उपमुख्यमंत्री बनें।

शपथ ग्रहण के मौके पर एकनाथ शिंदे का परिवार भी राजभवन पहुंचा। बता दें कि एकनाथ शिंदे उद्धव सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। शपथ ग्रहण में शिवसेना के विधायक शामिल नहीं हो सके। दरअसल बागी विधायकों इस समय गोवा के होटल में ही हैं। हालांकि शपथ के दौरान उन्होंने गोवा के होटल में ही जश्न मानाया। भाजपा के नेता शपथ ग्रहण में पहुंचे।

**देवेंद्र फडणवीस के 'त्याग' की नड्डा ने की तारीफ:** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देवेंद्र फडणवीस की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### डिप्टी सीएम बने देवेंद्र फडणवीस

पांच साल तक महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री रहने वाले देवेंद्र फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। जब वह शपथ लेने चले तो विधायकों ने उनके समर्थन में नारेबाजी की। बता दें कि एकनाथ शिंदे ने 40 शिवसेना के विधायकों के साथ कुल 50 विधायक होने का दावा किया है। वहीं भाजपा के 106 विधायक हैं।

### बालासाहेब ठाकरे से प्रभावित थे शिंदे

1980 में, वह शिवसेना सुप्रीमो बालासाहेब ठाकरे से प्रभावित थे और एक शिवसैनिक के रूप में काम करते हुए पार्टी में शामिल हो गए। उस समय के दौरान, उन्होंने कई आंदोलनों में भाग लिया। उन्होंने बेलगौवी की स्थिति को लेकर महाराष्ट्र-कर्नाटक आंदोलन में भाग लिया था जिसके बाद उन्हें 40 दिनों के लिए जेल में डाल दिया गया था।

### ठाणे में चलाते थे ऑटो-रिक्शा

कभी एकनाथ शिंदे मुंबई से सटे ठाणे शहर में ऑटो-रिक्शा चलाते थे। वे अपने परिवार को सपोर्ट करने के लिए रिक्शा चलाते थे। 58 वर्षीय शिंदे राजनीति में शामिल होने के बाद ठाणे-पालघर क्षेत्र में एक प्रमुख ■ शेष पृष्ठ 6 पर

# लैंडस्लाइड में दबा आर्मी कैंप 7 शव बरामद, 50 लापता

7 शव बरामद, करीब 50 लोग लापता

**मणिपुर (ए.)।** मणिपुर में लगातार भारी बारिश की वजह से बुधवार रात मणिपुर के नोनी जिले में जिरीबाम-इंफाल रेलवे लाइन के पास भारी भूस्खलन हुआ है। भूस्खलन की चपेट में आने से आम लोगों के साथ टेरिटोरियल आर्मी के कई जवान इसकी चपेट में आ गए। हादसे में दर्जनों जवान मिट्टी में दब गए। खबरों के मुताबिक, अब तक 7 जवानों के शव बाहर निकाले जा चुके हैं, जबकि 13 जवानों को रेस्क्यू कर लिया गया है। वहीं, 50 के करीब जवान अभी भी दबे हुए हैं।

अधिकारियों के अनुसार मरने वालों की संख्या बढ़ने की संभावना है क्योंकि कई लोग अभी भी लापता हैं और तलाशी अभियान जारी है। कुछ नागरिकों के भी मलबे में दबे होने की आशंका है। घायलों का इलाज नोनी आर्मी मेडिकल यूनिट में किया जा रहा है। गुरुवार सुबह सेना, असम राइफल्स, मणिपुर पुलिस की ओर से बड़े पैमान पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। जिसमें साइट पर उपलब्ध इंजीनियरिंग उपकरणों का भी उपयोग किया जा रहा है। एक अधिकारी का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### अमरनाथ यात्रा के आधार शिविरों से 10,000 तीर्थयात्री रवाना

**श्रीनगर (वार्ता)।** पवित्र अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए गुरुवार सुबह तीर्थयात्री कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना हुए। आधार शिविरों से रवाना हुए विभिन्न काफिलों में कम से कम 10,000 श्रद्धालु शामिल हैं। कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण दो साल के अंतराल के बाद वार्षिक अमरनाथ यात्रा आज सुबह नुनवान और बालटाल से शुरू हुई। गंदेरवाल से एक अधिकारी ने बताया, दर्शनार्थियों का एक काफिला दर्शन के लिए सुबह लगभग 11 बजे मंदिर की ओर जाने वाले सबसे छोटे मार्ग बालटाल से होकर रवाना हुआ। इसमें अधिकतम 6,823 श्रद्धालु थे, जिनमें 1,293 महिलाएं, 48 बच्चे और 98 साधू थे। उन्होंने कहा कि 43 दिवसीय इस वार्षिक यात्रा के लिए लगभग 2,750 तीर्थयात्री ■ शेष पृष्ठ 6 पर

# हैदराबाद में भाजपा की बैठक से पहले पीएम मोदी और अमित शाह को धमकी

■ एक नेता गिरफ्तार

**हैदराबाद (ए.)।** हैदराबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को एक नेता ने धमकी दी है। हलांकि, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। खबर है कि शख्स भारतीय जनता पार्टी की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बयान को लेकर माफी की मांग कर रहा था। खास बात है कि यह मामला ऐसे समय पर सामने आया है, जब राजस्थान के उदयपुर में दो लोगों ने एक टेलर की निर्मम हत्या की है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब्दुल माजिद अत्तार एक छोटी पार्टी का नेता है। उसने पैगंबर पर टिप्पणी को लेकर माफी नहीं मांगने की स्थिति में पीएम मोदी और शाह के अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को नुकसान पहुंचाने की बात कही थी। अत्तार को बुधवार को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धाराओं के तहत धार्मिक भवनाएं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### उदयपुर में कातिलों ने भी दी थी धमकी

राजस्थान के उदयपुर में कन्हैयालाल तेली नाम के दर्जी की निर्मम हत्या करने वाले दो आरोपियों रियाज और मोहम्मद गौस ने वीडियो भी जारी किए थे। इनमें एक वीडियो हत्या का था। जबकि, एक वीडियो में दोनों आरोपी हत्या की जिम्मेदारी लेते नजर आ रहे थे, जिसमें उन्होंने पीएम मोदी को भी धमकी दी थी। फिलहाल, दोनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं। जांच में इनके तार आतंकवादी संगठनों से जुड़े होने की खबर सामने आई है।

## दिल्ली विधानसभा का मॉनसून सत्र 4 व 5 जुलाई को

■ विधायकों के वेतन में वृद्धि का बिल लाएगी आप सरकार

**नई दिल्ली (ए.)।** दिल्ली विधानसभा के मॉनसून सत्र की तारीखों का ऐलान हो गया है. दिल्ली विधानसभा का दो दिवसीय मॉनसून सत्र 4 और 5 जुलाई को होगा, जिसमें आम आदमी पार्टी की सरकार विधायकों के वेतन में बढ़ोतरी के लिए एक विधेयक पेश कर सकती है. विधानसभा बुलेटिन में कहा गया है कि मॉनसून सत्र 4 जुलाई से सुबह 11 बजे शुरू होगा.

बुलेटिन में कहा गया है कि कार्य की अत्यावश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सदन की बैठक को निर्धारित समय से आगे बढ़ाया जा सकता है. सूत्रों ने कहा कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली के विधायकों के वेतन में 66 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी के प्रस्ताव को लागू करने के लिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## सत्ता गई पर तेवर नहीं, संजय राउत बोले- ईडी दफ्तर जाएंगे, इन्हें सबक सिखाएंगे

**मुंबई (ए.)।** महाराष्ट्र में जारी सियासी खींचतान के अहम चेहरों में से एक शिवसेना सांसद संजय राउत ने बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा है कि वह कल यानि शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश होने जा रहे हैं। ईडी ने उन्हें 1 जुलाई को पेश होने का समय दिया था। हालांकि, केंद्रीय जांच एजेंसी के सामने वह करीब दो सप्ताह के समय की मांग रख चुके हैं, जिसे खारिज कर दिया गया था।

गुरुवार को राउत ने कहा, 'मैं कल प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय जाऊंगा।' जांच एजेंसी ने करोड़ों रुपये के पात्रा चॉल भूमि घोटाला मामले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### उद्धव ठाकरे के इस्तीफे से हुए भावुक

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद से उद्धव ठाकरे ने बुधवार को इस्तीफा दे दिया था। राउत ने कहा कि इससे पार्टी भावुक हो गई थी। उन्होंने कहा, 'कल जब उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री के तौर पर इस्तीफा दिया, तो हम भावुक हो गए थे। सभी लोग उद्धव ठाकरे पर भरोसा करते हैं, हर जाति और धर्म के लोग उनका समर्थन करते हैं। सोनिया गांधी और शरद पवार को उनपर भरोसा है।'

## पाकिस्तान के खिलाफ भारत के स्टैंड पर चीन भी आया साथ

■ बताया- क्यों BRICS के लायक नहीं पाक

**नई दिल्ली (ए.)।** एक चतुर कूटनीतिक कदम उठाते हुए भारत ने हाल ही में ब्रिक्स प्लस कार्यक्रम में पाकिस्तान के प्रवेश को रोकने के लिए चीन के साथ मिलकर काम किया। यह सब तब हुआ जब ब्रिक्स मेजबान के रूप में चीन ने कथित तौर पर भारत के लिए सहमति व्यक्त की और ब्रिक्स आउटरीच कार्यक्रम में पाकिस्तान के प्रवेश को रोक दिया। इकोनॉमिक टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत के इस कदम को रूस द्वारा भी सहमति मिली थी। दरअसल, इस बार चीन ने वर्चुअल माध्यम से ब्रिक्स समिट की मेजबानी की। 24 जून को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हाई-लेवल डॉयलॉग ऑन ग्लोबल डेवलपमेंट का आयोजन किया। जिसमें ब्रिक्स देशों (ब्राजील, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### पंजाब विधानसभा में अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रस्ताव पारित

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को विधानसभा में केंद्र की अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया है। बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री ने यह प्रस्ताव रखा है। इसके मुताबिक राज्य सरकार केंद्र के सामने अग्निपथ योजना को तत्काल वापस लेने की मांग रखेगी। प्रस्ताव पढ़ते हुए विधानसभा में सीएम मान ने कहा, 'भारत सरकार की तरफ से अग्निपथ योजना की एकतरफा घोषणा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## इजरायल की सत्ता में फिर लौटेंगे बेंजामिन नेतन्याहू!

**नई दिल्ली (ए.)।** बीते चार साल से भी कम समय के भीतर में इजरायल में आम चुनाव होंगे। इसी कड़ी में इजरायल की संसद भंग कर दी गई है और नवंबर में आम चुनाव कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। देश की संसद ने इस संबंध में निर्णय लिया है और एक स्पेशल बिल पास करके नए चुनाव का रास्ता साफ कर दिया है। तमाम पार्टियां नए चुनाव कराने का समर्थन कर चुकी हैं।

दरअसल, इजरायल के विदेश मंत्री और निवर्तमान सरकार के गठन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले यैर लैपिड शुक्रवार को मध्यरात्रि के बाद देश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनेंगे।

वह 14वें व्यक्ति होंगे जो यह पदभार संभालेंगे। निवर्तमान प्रधानमंत्री नफ्टाली बेनेट इजरायल के इतिहास में सबसे कम समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहे हैं।

उनकी सरकार गठन होने के एक साल बाद ही गिर गई। इजरायल में अब एक नवंबर को नए चुनाव होंगे। 2019 से 2022 के बीच यह पांचवां इलेक्शन होगा। नफ्टाली बेनेट सरकार में नंबर दो रहे येर लैपिड को केयरटेकर सरकार की जिम्मेदारी दी गई है।

कुछ दिन पहले ये माना जा रहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समर्थन जुटाकर फिर प्रधानमंत्री बन सकते हैं। हालांकि, बाद में उन्होंने भी तय कर लिया कि नए चुनाव कराना ही बेहतर होगा।

### दबे पांव आ रही कोरोना की चौथी लहर!

**नई दिल्ली (ए.)।** देश में कोरोना वायरस की चौथी लहर क्या दबे पांव दस्तक दे रही है? यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि बीते काफी दिनों से कोरोना के नए केसों में लगातार इजाफा हो रहा है। यही नहीं इसके चलते ऐक्टिव केसों की संख्या 1 लाख के पार पहुंच गई है। गुरुवार को बीते एक दिन में नए केसों का आंकड़ा 18,819 दर्ज किया गया है। इसके साथ ही ऐक्टिव केसों की संख्या तेजी से बढ़ते हुए 1,04,555 हो गई है। ऐसा करीब 4 महीने के बाद हुआ है, जब कोरोना के ऐक्टिव केसों की संख्या 1 लाख से ज्यादा हो गई है। इसके अलावा 130 दिनों के बाद पहली बार नए केसों का आंकड़ा भी 18,000 से ज्यादा आया है।

## संपादकीय

# महाराष्ट्र में भाजपा का मास्टर स्ट्रोक

पिछले एक पखवाड़े से महाराष्ट्र की राजनीति में मची उथल पुथल का पटाक्षेप हो गया है। अल्पमत में आने के बाद महाअघाड़ी सरकार के मुखिया उद्धव ठाकरे को आखिरकार अपने पद से इस्तीफा देना पड़ गया। उद्धव ठाकरे ने अंतिम क्षण तक यह कोशिश की थी कि किसी तरह से उनकी सरकार बची रहे और वे मुख्यमंत्री पद पर काबिज रहे लेकिन एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले बागी गुट अपने निर्णय पर अड़िग रहा। उद्धव ठाकरे ने शाम, दाम, दण्ड, भेद की नीति अपनाकर बागियों को अपने पाले में लाने की हर संभव कोशिश की लेकिन उन्हे नामाकी हाथ लगी। जब फ्लोर टेस्ट की नौबत आ गई तो उद्धव ठाकरे ने फ्लोर टेस्ट को रूकवाने के लिए आखिरी कोशिश के रूप में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां फ्लोर टेस्ट को रोकने की गुहार लगाई गई लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने फ्लोर टेस्ट कराने का आदेश दे दिया इसके बाद उद्धव ठाकरे के लिए सारे दरवाजे बंद हो गए और उन्होने न सिर्फ मुख्यमंत्री पद से विधान परिषद की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। इधर भाजपा ने तमाम अटकलों को दरकिनार करते हुए भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नविस की जगह शिवसेना के बागी गुट के नेता एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा कर एक बड़ा मास्टर स्ट्रोक चल दिया है। भाजपा का यह फैसला निश्चित रूप से चौकाने वाला है। यह कयास लगाए जा रहे थे कि देवेन्द्र फड़नवीस ही मुख्यमंत्री बनेंगे और एकनाथ शिंदे को उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा, इसके अलावा एकनाथ शिंदे गुट के दर्जन भर विधायकों को मंत्रीमण्डल में शामिल किया जाएगा। लेकिन अचानक भाजपा ने देवेन्द्र फड़नवीस की जगह एकनाथ शिंदे को सीएम बनाने का निर्णय लेकर सबको चौका दिया। एकनाथ शिंदे के नाम की घोषणा स्वयं देवेन्द्र फड़नवीस ने की। भाजपा के इस अप्रत्याशित निर्णय के निश्चित रूप से दूरगामी परिणाम सामने आएंगे। सबसे बड़ी बात तो यह होगी कि भाजपा पर उद्धव ठाकरे शरद पवार और कांग्रेस यह जो आरोप लगा रही है कि उसने सत्ता हथियाने के लिए बागी गुट को बतौर हथियार इस्तेमाल कर महाअघाड़ी सरकार को गिराया है वह अब निराधार साबित हो जाएगा। साथ ही भाजपा के त्याग की भावना भी पूरे देश को एक अलग संदेश देगी। जिसका लाभ भाजपा को आगे चल कर मिलेगा और उसके सहयोगी दलों का भाजपा के प्रति विश्वास और मजबूज होगा। इसका फायदा आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिलना तय है। बहरहाल महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री के रूप में स्वच्छ और पारदर्शी प्रशासन देंगे यह उम्मीद की जानी चाहिए।

## प्रसंग वश

# हिंसा कमजोरी के सिवा कुछ नहीं

हिंसा किसी प्रकार की हो, वह खुद समस्या है, वह किसी समस्या का समाधान तो कतई नहीं है। याद रखिए, हिंसा आपकी कमजोरी को दर्शाती है। हिंसा आपकी शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि कमजोरी का प्रदर्शन है। हमें यह अच्छे से समझ लेना चाहिए कि धर्म के नाम पर अगर कोई सबसे बड़ा पाप है, तो वह हिंसा है। उदयपुर में जो बर्बरता हुई है, उसे किसी भी नजरिये से जायज नहीं ठहराया जा सकता। आज ऐसी हिंसा या हिंसक प्रवृत्ति का कोई औचित्य नहीं है। इस देश में यह बार-बार दोहराया गया है कि किसी को भी कानून को अपने हाथ में लेने और किसी को सजा देने का कोई हक नहीं है। आपको कोई भी परेशानी है, तो न्याय प्रणाली और संविधान का सहारा लीजिए, अपने हाथ किसी अपराध या खून से क्यों रंगते हैं? आज देश में मेरे जैसे ही अधिकांश लोग हैं, जिनका दिलो-दिमाग गम और सवालों से भर गया है। इसमें कोई शक नहीं कि जिसकी हत्या हुई है, उसे पूरे समाज की सहानुभूति मिलनी चाहिए और दोषियों को सख्त से सख्त सजा होनी चाहिए।

यह समय कुछ पीछे या इतिहास में जाने का नहीं है, अगर हम क्रोनोलॉजी देखेंगे, तो यह जायज नहीं होगा। उदयपुर में जो जघन्य अपराध हुआ है, आज उसी की निंदा होनी चाहिए। किसी मुसलमान नेता, आलीम या बुद्धिजीवी ने कोई बहाना नहीं बनाया, सबने इस बर्बरता की मजम्मत की है। हां, पिछले दिनों गलत या हिंसक नारे लगे थे, लेकिन जब समझाया गया, तो न नारे फिर लगे और न हिंसा हुई। दुनिया में ऐसे लोग मौजूद हैं, जो आपकी या मेरी बात को तवज्जो न दें, फिर भी हमें अपनी बात रखने की कोशिश करनी चाहिए। बहस में अभी नहीं उलझना चाहिए। बताने-लिखने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन अभी मंजिल से भटकने का वक्त नहीं है। अपने आसपास अमन-चैन और धार्मिक सद्भाव का ख्याल रखना होगा। यह किसी वर्ग विशेष की ही नहीं, पूरे समाज की जिम्मेदारी है। ध्यान रहे, हमारे समाज में बहुसंख्य लोग अच्छे हैं, चंद लोगों की गलती की वजह से आप सबको बदनाम नहीं कर सकते। पहले डाकू मुट्ठी भर ही तो आते थे, कुछ समय के लिए सबको बंधक बना लेते थे। ऐसे डाकू आज भी हैं, दोनों या हर तरफ हैं। हम बंधक बनने से बचेंगे, तभी अमन-चैन और तरक्की की ओर बढ़ेंगे। ऐसे लोगों को पहचानना होगा, जो नहीं चाहते थे कि अमन-चैन हो, जो नहीं चाहते कि दुनिया में भारत तेजी से आगे बढ़े, विश्व गुरु बने। देश के अंदर अगर उन्माद होगा, तो यह कैसे आगे बढ़ेगा? इसमें कोई शक ही नही कि जो कुछ भी हिन्दुस्तान के हित में है, वही मुसलमान के हित में है। सारा मामला पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के कथित अपमान किए जाने से शुरू हुआ, लेकिन यहां यह भी तो देखा जाए कि खुद अपमानित होने पर मोहम्मद साहब क्या किया करते थे? उनका अपना मामला यह था कि वह बदले की भावना से कभी कोई काम नहीं करते थे। उन्होंने एक बात हमेशा कही कि सब जीव-जंतु ईश्वर के कुटुंबी हैं, उन्होंने केवल मानव जाति के लिए नहीं कहा, हरेक जीव के लिए कहा। सूफी संत हजरत निजामुद्दीन औलिया ने तो यहां तक कहा था कि 'जो बर्दाश्त कर लेता है, वह मार डालता है।'

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर विशेष

# चिकित्सक हैं सम्मान के सबसे बड़े हकदार

योगेश कुमार गोयल

*चिकित्सक दिवस की स्थापना भारत में वर्ष 1991 में हुई थी। पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री और जाने-माने चिकित्सक डा. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में चिकित्सकों की उपलब्धियों तथा चिकित्सा क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने वाले डॉक्टरों के सम्मान के लिए इसका आयोजन होता है। वे एक जाने-माने चिकित्सक, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और वर्ष 1948 से 1962 में जीवन के अंतिम क्षणों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर, बिधाननगर, अशोकनगर, कल्याणी तथा हबरा नामक पांच शहरों की स्थापना की थी। संभवतः इसीलिए उन्हें पश्चिम बंगाल का महान वास्तुकार भी कहा जाता है। कलकत्ता विश्वविद्यालय से मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने वर्ष 1911 में एमआरसीपी और एफआरसीएस की डिग्री लंदन से ली। उन्होंने एक साथ फिजिशयन और सर्जन की रॉयल कॉलेज की सदस्यता हासिल कर हर किसी को अपनी प्रतिभा से हतप्रभ कर दिया था।*

कोरोना महामारी के दौरान दुनियाभर में चिकित्सक अपनी जान की परवाह किए बिना करोड़ों लोगों के जीवन की रक्षा करते नजर आए। ऐसे चिकित्सक वाकई सम्मान के सबसे बड़े हकदार हैं। आंकड़े देखें तो महामारी के दौर में देश में ड्यूटी के दौरान सैंकड़ों चिकित्सकों की मौत हुई लेकिन फिर भी चिकित्सक जी-जान से लोगों की जान बचाने में जुटे रहे। कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान तो बहुत से चिकित्सकों और चिकित्सा स्टाफको अपनी छुट्टियां रद्द कर प्रतिदिन लंबे-लंबे समय तक कार्य करना पड़ा है और ऐसे बहुत से चिकित्साकर्मी महीनों-महीनों तक अपने परिवार और छोटे बच्चों से भी दूर रहे। समाज के प्रति चिकित्सकों के समर्पण एवं प्रतिबद्धता के लिए कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने तथा मेडिकल छात्रों को प्रेरित करने के लिए ही प्रतिवर्ष देश में एक जुलाई को 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' मनाया जाता है। चिकित्सक दिवस मनाने का मूल उद्देश्य चिकित्सकों की बहुमूल्य सेवा, भूमिका और महत्व के संबंध में आमजन को जागरूक करना, चिकित्सकों का सम्मान करना और साथ ही चिकित्सकों को भी उनके पेशे के प्रति जागरूक करना है। दरअसल कुछ चिकित्सक ऐसे भी देखे जाते हैं, जो अपने इस सम्मानित पेशे के प्रति ईमानदार नहीं होते लेकिन ऐसे चिकित्सकों की भी कमी नहीं, जिनमें अपने पेशे के प्रति समर्पण की कोई कमी नहीं होती। बिना चिकित्सा व्यवस्था के इंसान की जिंदगी कैसी होती, इसकी कल्पना मात्र से ही रोम-रोम सिहर जाता है। यही कारण है कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में चिकित्सकों का महत्व सदा से रहा है और हमेशा रहेगा।

चिकित्सक दिवस की स्थापना भारत में वर्ष 1991 में हुई थी। पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री और जाने-माने चिकित्सक डा. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में चिकित्सकों की उपलब्धियों तथा चिकित्सा क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने वाले डॉक्टरों के सम्मान के लिए इसका आयोजन होता है। वे एक जाने-माने चिकित्सक, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और वर्ष 1948 से 1962 में जीवन के अंतिम क्षणों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर, बिधाननगर, अशोकनगर, कल्याणी तथा हबरा नामक पांच शहरों की स्थापना की थी। संभवतः इसीलिए उन्हें पश्चिम बंगाल का महान वास्तुकार भी कहा जाता है। कलकत्ता विश्वविद्यालय से मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने वर्ष 1911 में एमआरसीपी और एफआरसीएस की डिग्री लंदन से ली। उन्होंने एक साथ फिजिशयन और सर्जन की रॉयल कॉलेज की सदस्यता हासिल कर हर किसी को अपनी प्रतिभा से हतप्रभ कर दिया था। वर्ष 1911 में भारत में ही एक चिकित्सक के रूप में उन्होंने अपने चिकित्सा कैरियर की शुरूआत की। वे कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में शिक्षक नियुक्त हुए। वर्ष 1922 में वे कलकत्ता मेडिकल जनरल के सम्पादक और बोर्ड के सदस्य बने। 1926 में उन्होंने अपना पहला राजनीतिक भाषण दिया और 1928 में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सदस्य भी चुने गए।

**बहरहाल, चूंकि चिकित्सकों को पृथ्वी पर भगवान का रूप माना गया है, इसलिए समाज की भी उनसे यही अपेक्षा रहती है कि वे अपना कर्त्तव्य ईमानदारी और पूरी निष्ठा के साथ निभाएं। हालांकि निजी अस्पतालों के कुछ चिकित्सकों पर मरीजों और उनके परिजनों के साथ लापरवाही और लूट के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। दरअसल निजी चिकित्सा तंत्र मुनाफाखोरी के व्यवसाय में परिवर्तित हो चुका है लेकिन फिर भी इस दीगर सच को भी नकारा नहीं जा सकता कि कोरोना हो या कैंसर, हृदय रोग, एड्स, मधुमेह इत्यादि कोई भी बीमारी, छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी बीमारियों से चिकित्सक ही करोड़ों लोगों को उबारते हैं।**

डा. बिधान चंद्र रॉय ने 1928 में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के गठन और भारत की मेडिकल काउंसिल (एमसीआई) की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई बड़े-बड़े पदों पर रहने के बाद भी वे प्रतिदिन गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज किया करते थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् उन्होंने अपना समस्त जीवन चिकित्सा सेवा को समर्पित कर दिया। बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं को आम जनता की पहुंच के भीतर लाने के लिए वे जीवन पर्यन्त प्रयासरत रहे। 4 फरवरी 1961 को उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। 1967 में दिल्ली में उनके सम्मान में डा. बी.सी. रॉय स्मारक पुस्तकालय की स्थापना हुई और 1976 में उनकी स्मृति में केन्द्र सरकार द्वारा डा. बी.सी. रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार की स्थापना की गई। संयोगवश डा. रॉय का जन्म और मृत्यु एक जुलाई को ही हुई थी। उनका जन्म 1 जुलाई 1882 को पटना में हुआ था और मृत्यु 1 जुलाई 1962 को हृदयाघात से कोलकाता में हुई थी। बहरहाल, चूंकि चिकित्सकों को पृथ्वी पर भगवान का रूप माना गया है, इसलिए समाज की भी उनसे यही अपेक्षा रहती है कि वे अपना कर्त्तव्य ईमानदारी और पूरी निष्ठा के साथ निभाएं। हालांकि निजी अस्पतालों के कुछ चिकित्सकों पर मरीजों और उनके परिजनों के साथ लापरवाही और लूट के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। दरअसल निजी चिकित्सा तंत्र मुनाफाखोरी के व्यवसाय में परिवर्तित हो चुका है लेकिन फिर भी इस दीगर सच को भी नकारा नहीं जा सकता कि कोरोना हो या कैंसर, हृदय रोग, एड्स, मधुमेह इत्यादि कोई भी बीमारी, छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी बीमारियों से चिकित्सक ही करोड़ों लोगों को उबारते हैं। चूंकि चिकित्सक प्रायः मरीज को मौत के मुंह से भी बचाकर ले आते हैं, इसीलिए चिकित्सकों को भगवान का रूप माना जाता रहा है। चिकित्सा केवल पैसा कमाने के लिए एक पेशा मात्र नहीं है बल्कि समाज के कल्याण और उत्थान का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। इसीलिए चिकित्सक को सदैव सम्मान की नजर से देखने वाले समाज के प्रति उनसे भी समर्पण की उम्मीद की जाती है।

# ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की तैयारी

धर्मेंद्र प्रधान

*दुनिया चौथी औद्योगिक क्रांति की दहलीज पर है। एआई, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन जैसी उभरती प्रौद्योगिकियां पर्याप्त अवसरों के साथ-साथ चुनौतियां भी पेश करती हैं, क्योंकि इनसे कई पारंपरिक नौकरियां समाप्त हो जाती हैं। मगर यह मनुष्यों, मशीनों और एल्गोरिदम के बीच श्रम के नए विभाजन से जुड़ी विभिन्न भूमिकाओं को भी सामने लाएगी। लिहाजा श्रमिकों के लिए कौशल विकास करने या फिर से कौशल प्राप्त करने से जुड़ी अवधि छोटी हो गई है, और इस विषय पर तुरंत कार्य करने की आवश्यकता है। हमारे युवा न केवल नौकरी चाहने वाले, बल्कि नौकरी देने वाले के रूप में भी काम करने की इच्छा रखते हैं। यदि हम उन्हें गुणवत्तापूर्ण ज्ञान व कौशल दे सके, तो भारत को विश्व गुरु बना सकते हैं।*

जब 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) की शुरुआत की गई थी, तब हमारी सबसे बड़ी चुनौती थी, देश के सुदूर क्षेत्र में रहने वाली अंतिम महिला तक एलपीजी सिलेंडर के साथ पहुंचना। एक समर्पित कार्यबल और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ पीएमयूवाई की सफलता और सबसे कमजोर लोगों के जीवन पर इसके महत्वपूर्ण प्रभाव से मुझे भरोसा हुआ है कि हम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) को लागू करने के चुनौतीपूर्ण कार्य को पूरा करने में सक्षम होंगे। इस नीति में शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव की परिकल्पना की गई है, ताकि हमारे देश के छात्र 21वीं सदी की ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें।

भारत सबसे युवा देशों में से एक है, जिसकी 50 प्रतिशत से अधिक आबादी 30 साल से कम उम्र की है। संभावित जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा स्पष्ट तौर पर दिखता है। मगर यह क्षमता हमारे पास हमेशा के लिए नहीं रहेगी। इसका लाभ भी हमें अपने आप नहीं मिलेगा। इसके लिए ठोस प्रयास और नीतिगत हस्तक्षेप की जरूरत है। एक साधारण गणना बताती है कि हमारे पास नौजवानों की क्षमता का पूरी तरह दोहन करने के लिए लगभग दो दशकों से थोड़ा अधिक समय है, या जिसका प्रधानमंत्री अमृत काल के रूप में जिक्र करते हैं- स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने से पहले की 25 साल की अवधि। यही वजह है कि हमारे युवाओं की जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रणाली में व्यापक बदलाव लाजिमी हैं।

एनईपी-2020 हमारे देश की यात्रा में ऐसा ही एक परिवर्तन है। प्रधानमंत्री के शब्दों में, एनईपी-2020 आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला के रूप में काम करेगी। एनईपी पूर्व-प्राथमिक से उच्च शिक्षा के सभी स्तरों पर हमारी शिक्षा व्यवस्था की पुनर्संरचना करती है और एक कौशल व अनुसंधान इकोसिस्टम के साथ इसका पुनर्गठन करती है। यह चार सिद्धांतों पर आधारित है- पहुंच, गुणवत्ता, समानता और किफायत। एनईपी का लक्ष्य विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के स्थान पर एकल नियामक निकाय के रूप में भारतीय उच्च शिक्षा आयोग (एचईसीआई) को स्थापित करना और उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात को वर्तमान के 27.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 2035 तक 50 प्रतिशत करना है। नई शिक्षा नीति यह सुनिश्चित करेगी कि विनियमन, मान्यता देने, वित्त पोषण और शैक्षणिक मानक-निर्धारण का कार्य स्वतंत्र और अधिकार प्राप्त निकायों द्वारा किया जा रहा है। एनईपी की विभिन्न प्रगतिशील सिफारिशों में शामिल हैं- सभी चरणों में अनुभव से जुड़ी शिक्षा, नवीन और गतिविधि-आधारित शिक्षाशास्त्र, उच्च शिक्षा में प्रवेश/निकास के बहु-विकल्प, विभिन्न संकायों से जुड़ी शिक्षा, एक एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट की स्थापना आदि। इन परिवर्तनों को पूरा करने के लिए नीतिगत सुधारों के साथ भारत की शिक्षा और अध्ययन कार्यक्रमों के अंतरराष्ट्रीयकरण पर भी जोर दिया गया है।

नई शिक्षा नीति 21वीं सदी की आकांक्षा का प्रतिनिधित्व करने के साथ-साथ तात्कालिक चुनौतियों की भी पहचान करती है। यह नीति आह्वान करती है कि प्रत्येक छात्र तीसरी कक्षा तक मूलभूत साक्षरता व संख्यात्मक योग्यता प्राप्त कर ले। इसके लिए 'निपुण भारत' नाम से राष्ट्रीय मिशन शुरू किया गया है, ताकि देश का तीसरी कक्षा का प्रत्येक बच्चा 2026-27 तक यह योग्यता प्राप्त कर सके। एनईपी-2020 सभी स्तरों पर सरकारों से यह सुनिश्चित करने का आह्वान करती है कि बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए कम से कम पांचवीं कक्षा तक शिक्षा का माध्यम मातृभाषा/ स्थानीय भाषा में हो। हमारी सरकार उच्च शिक्षा में भी स्थानीय भाषाओं पर ध्यान दे रही है। स्नातक स्तर और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए स्थानीय भाषाओं में 200 से अधिक तकनीकी पुस्तकें हाल ही में लॉन्च की गई हैं। सरकारआधिकारिक भाषाओं में इंजीनियरिंग, चिकित्सा और कानूनी विषयों की पाठ्य-पुस्तकों को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। तमाम प्रवेश परीक्षाओं को भी सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में आयोजित कराने के प्रयास हो रहे हैं, ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच में अंग्रेजी बाधा न बने। हमें अपने शिक्षकों को प्रेरित करने के लिए शिक्षण कार्य को फिर से उच्च सम्मान देने की भी आवश्यकता है। हमारी सरकार स्वयं से सुधार और व्यावसायिक विकास से जुड़े अवसर प्रदान करने पर ध्यान लगा रही है। न केवल स्कूल, बल्कि कॉलेजों व विश्वविद्यालयों के संकाय भी नवीनतम तकनीक और नवाचारों व शिक्षाशास्त्र के विभिन्न रूपों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। हम देश भर में शिक्षक प्रशिक्षण के विश्वस्तरीय केंद्र बना रहे हैं। वर्तमान बजट में डिजिटल शिक्षक के लिए भी प्रावधान किया गया है, जिसके लिए छह करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। कोविड-19 के दौरान हमारे शैक्षणिक संस्थानों में कई नए मॉडल सामने आए हैं। यह इस सिद्धांत पर आधारित है कि विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी समानता और क्षमता प्रदान करने वाली होती है। केंद्रीय बजट में शिक्षा के प्रसार के लिए 200 नए टीवी चैनलों का प्रावधान किया गया है और पांच वर्षों की अवधि के लिए लगभग 930 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

## पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### नया ज़रा कुछ

नया ज़रा कुछ करना चाहा मैंने तो बस बढ़ना चाहाझ पाठ सफलता का जीवन में बचपन से ही पढ़ना चाहा मन के बंधन बांध सके न दूर गगन में उड़ना चाहा सजी झूठ की चौसर थी पर सच को लेकर लड़ना चाहा 'निधि' कठिन थीं राहें लेकिन फिर पीछे न मुड़ना चाहा।

– निधि भार्गव मानवी

### मनाओ मौज कि

मनाओ मौज कि अभी ये काफ़िर चुप है खामोश बैठा है इसे, नही अपनी सुध है जिस रोज़ भी ये सियासत से हिसाब मागेगा बगले झाँकेगी जानती सियासत खुद है इस काफ़िर को इतना भी न सताओ देखो बेहोश रहने दो इसे होश में न लाओ देखो ये जागेगा तो तुमसे सवाल पूछेगा कुछ पूछेगा तो तुम्हे फिर असहिष्णु दिखेगा।

– मुनेश शर्मा

### खास पाती | थरथराता हुआ उजाला उतरा

थरथराता हुआ उजाला उतरा जब आसमान से पेड़ ने साध लिया पहले कंधों पर फिर धीरे से उतार दिया धरती पर जैसे झुनझुना पकड़ा कर सुला देती है पालने में शिशु को पनिहारिन मां! तूफान में कांपते विकल पेड़ों को थाम लेती है पृथ्वी जैसे बरसाती आवारा बूंद को पी लेती है अधचटकी सीप सुनो स्त्री! तुम किसके बल बूते हंसने की हिम्मत जुटाती हो? न न न बताना मत! मौलिकता का अपहरण हो जायेगा मैंने तो सिर्फप्रश्न पूछकर तुम्हें, तुम्हारा होना याद दिलाया है जैसे रोटी नहीं बनी है क्या? बाबा पूछकर मां से दिला देते थे याद मुझे भूख की उत्तर की मारकता प्रश्न के विस्तार में निहित है तुम्हें चौकन्ना रहना होगा। – **कल्पना मनोरमा**

### मौसम का बदलना कितना मनहर



मौसम का बदलना कितना मनहर और खुशनुमा होता हैं न? 'एहसास है।'भीषण गर्मी के बाद बरसात की कुछ बूंदें मन को कितना सुकून देती हैं।' इसी तरह कई और मौसम भी बदलते हैं। प्रेमी का भाव भी बदलता हैं। मनमोहक एहसासो में डूबे उसके शब्द मन को सुकून देता है। मौसम का बदलाव बाह्य स्पर्श का सुखद एहसास है और प्रेमी मनहर बदलाव आत्मा को भीगोकर तृप्त कर जाता है। मन को मोहने वाला यही बदलाव अगर सभी के साथ हो तो कितना अच्छा होगा 'न ? – **बेबी सिंह**

### आपको घबराना नहीं है बस अपनी

आपको घबराना नहीं है बस अपनी बारी का इंतजार करना है। भाई चारे का सर धड़ से अलग हो चुका है। शांती बनाये रखना है। कन्हैया ने नामजद रिपोर्ट लिखवाने बाद भी पुलिस ने सलाह दी थी की संभल कर रहो, आप भी संभलकर रहे। जहाँ तक नेताओं की बाात है तो खूब करेंगे राजनीति पक्ष भी विपक्ष भी। **–रितेश सोनारे**

### आँखों में हैं कितने सपने जिंदगी

आँखों में हैं कितने सपने जिंदगी इसे सकारते चलो थोड़ा तुम बदलों थोड़ा मैं बदलूँजिंदगी इसे सँवारते चलो गम कितना हो खुशी कितना हो जिंदगी इसे सम्भालते चलो सफ़र में ना रहें या कोई सफ़र हो जिंदगी इसे जिंदगी मानते चलो। **–प्रीति श्रीवास्तव**

### होती है दिलदार की एक यही

होती है दिलदार की एक यही पहचान।तन से होता वृद्ध पर,दिल से रहे जवान। दिल से रहे जवान,करे बस बात रसीली। लेता सबको मोह,रखे वह नज़र नशीली। सब पर डोरे डाल,जगाए किस्मत सोती। ऐसी प्रतिभा किंतु,नहीं है सब में होती। जबसे माथे पर लगा ,बदनामी का दाग। साथ छोड़ तबसे गए ,अपने सारे भाग। अपने सारे भाग ,जताते हैं मजबूरी। देते निर्णय थोप ,बात बस सुनें अधूरी। क्या है सत्य असत्य,बताएँ कैसे सबसे। प्राणी बना निकृष्ट,हुई बदनामी जबसे। – **डॉ बिपिन पाण्डेय**

### ओ मतवाले काले-काले जल के

ओ मतवाले काले-काले, जल के वाहक रुक जाना। मन ये तरसे क्यों बिन बरसे, रूठ गए हो बतलाना। आस जगी है प्यास लगी है, जीवन शीतल है पाना। बोली धरती विनती करती, नेह तनिक तो छ्लकाना।।

– **शुभा शुक्ला मिश्रा 'अधर**

### मुख्तसर सी जिंदगी में प्यार पर

मुख्तसर सी जिंदगी में प्यार पर पहरा लगा। नींद रातों में है ठहरी ख्वाब भी ठहरा लगा। इस चमकती धूप में जो दूर से दरिया दिखे, है वो मृग तृष्णा महज, बस तप्त सा सहरा लगा।

– **हरिवल्लभ शर्मा 'हरि'**

## QUIZ TIME

1) भारत का पहला ग्राफीन इनोवेशन सेंटर किस राज्य में स्थापित किया जाएगा?
2) किस राज्य को भारत में अपनी तरह का पहला राज्य स्तरीय पक्षी एटलस मिला है?
3) पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने हाल ही में किस बैंक के साथ साझेदारी में सह-ब्रांडेड रुपे कॉन्टैक्टलेस क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की है?
4) हाल ही में लॉन्च किए गए जेम्स वेब टेलीस्कोप के लिए नासा द्वारा किस प्रकार के ऑर्बिट प्लेसमेंट की योजना बनाई गई है?
5) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अगले मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में किसे नामित किया गया है?

Ramaquiz

उत्तर- (1) केरल (2) केरल (3) पंजाब नेशनल बैंक (4) एल2 (5) पियरे-ओलिवियर गौरींचस

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** 1903- पहली टुअर डी फ्रांस की साइकिल दौड़ की शुरुआत। 1907- दुनिया में पहली महिला सांसद फिनलैंड में चुनी गईं। 1908- एसओएस को अंतर्राष्ट्रीय संकट संकेत के रूप में अपनाया गया था। 1916- प्रथम विश्व युद्ध में सोमे की लड़ाई के पहले दिन ब्रिटिश सेना के 19, 000 सैनिक मारे गए और 40,000 घायल हुए थे। 1922- ग्रेट रेल रोड स्ट्राइक अमेरिका में शुरू हुआ था। 1923- कनाडाई संसद ने सभी चीनी प्रवासन को निलंबित कर दिया था। 1927- भारत के नौवें प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर का जन्म। 1931- बोइंग एयर ट्रांसपोर्ट के रूप में यूनाइटेड एयरलाइंस सेवा की शुरुआत। 1932- ऑस्ट्रेलियाई प्रसारण निगम का गठन। 1942- ऑस्ट्रेलियाई संघीय सरकार ने राज्य आयकर को समाप्त किया। 1947- फिलीपीन वायु सेना की स्थापना हुई थी। 1948- मुहम्मद अली जिन्ना (क़ैद-ए-आज़म) ने पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक, स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान का उद्घाटन किया। 1958- कनाडाई प्रसारण निगम ने माइक्रोवेव के माध्यम से पूरे कनाडा में टेलीविजन प्रसारण को जोड़ा था। 1960- सोमालिया को आजादी मिली। 1963- संयुक्त राज्य ने मेल के लिए ज़िप कोड पेश किए। 1968- अमेरिकी केंद्रीय खुफिया एजेंसी के फीनिक्स कार्यक्रम आधिकारिक तौर पर स्थापित किए गए। 1984- पीजी-13 रेटिंग एमपीएए द्वारा पेश की गई। 1987- न्यूयॉर्क शहर में अमेरिकी रेडियो स्टेशन डब्ल्यूएफएएन दुनिया के पहले ऑल-स्पोर्ट्स रेडियो स्टेशन के रूप में लॉन्च किया गया।

■ न्यूज गैलरी

## रथयात्रा की विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने जगन्नाथ प्रभु जी की रथ यात्रा पर बधाई शुभकामनाएं दी है। डॉ महंत ने अपने बधाई संदेश में कहा कि, रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ के अलावा उनके बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा का रथ भी निकाला जाता है। इस रथ यात्रा को लेकर मान्यता है कि एक दिन भगवान जगन्नाथ की बहन सुभद्रा ने उनसे द्वारिका के दर्शन कराने की प्रार्थना की थी। तब भगवान जगन्नाथ ने अपनी बहन की इच्छा पूर्ति के लिए उन्हें रथ में बिठाकर पूरे नगर का भ्रमण करवाया था और इसके बाद से इस रथयात्रा की शुरुआत हुई थी। भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा का धार्मिक के साथ-साथ सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व भी है। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि, छत्तीसगढ़ का यह सौभाग्य है कि भगवान जगन्नाथ जी जीवंत स्वरूप इतिहास आज भी विद्यमान और जीवित है, उनके आशीर्वाद से ही छग राज्य की उन्नति सुख-समृद्धि प्रगतिमान है।

## राज्यपाल ने रथयात्रा पर्व के अवसर पर दी शुभकामनाएं

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि रथयात्रा हमारी आस्था एवं संस्कृति से जुड़ा पर्व है। ऐसे त्योहार हम सबको एक सूत्र में बंधने का अवसर देते हैं और आपसी सौहार्द्र बढ़ाते हैं। राज्यपाल ने इस अवसर पर सभी नागरिकों की खुशहाली की कामना की है।

## धर्मेश कुमार साहू ने आरडीए सीईओ का कार्यभार संभाला

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य शासन के आदेश के बाद आज भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया। इससे पहले उन्होंने रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़ से मुलाकात की। कार्यभार ग्रहण करने के बाद श्री साहू ने सभी अधिकारियों का परिचय प्राप्त कर प्राधिकरण के विकास और निर्माण कार्यों की जानकारी ली। वे वर्तमान में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल में आयुक्त हैं। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा 2010 बैच के अधिकारी है। श्री साहू इससे पहले नारायणपुर जिला के कलेक्टर, महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक, संचालक भू-अभिलेख व संचालक शासकीय मुद्रण एवं लेखन रह चुके हैं।

## सहायक ग्रेड-3 हेतु कौशल परीक्षा 9 और 10 जुलाई को

**रायपुर/नवप्रदेश।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय रायपुर द्वारा 24 दिसंबर 2021 को जारी विज्ञापन के परिपेक्ष्य में सहायक ग्रेड-3 के रिक्त पदों के पूर्ति हेतु कौशल परीक्षा 9 और 10 जुलाई को आयोजित की जाएगी। कौशल परीक्षा रूंगटा कॉलेज ऑफइंजिनियरिंग एंड टेक्नालाजी, रूंगटा एजुकेशन कैम्पस, वीरसावरकर नगर, नंदन वन के पास रायपुर में 9 जुलाई एवं 10 जुलाई को सबेरे 9 बजे से आयोजित की गई है। परीक्षा हेतु पात्रता एवं अपात्रता की सूची, निर्धारित तिथि एवं समय तथा प्रवेश-पत्र की जानकारी हेतु https://districts.ecourts.gov.in/raipur का अवलोकन किया जा सकता है।

## श्री नारायणा हॉस्पिटल में ऑर्थोपेडिक ऑपरेशन, स्पाइनल का शुभारंभ आज

**रायपुर/नवप्रदेश।** ऑर्थोपेडिक के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ही नहीं वरन मध्य भारत में अब तक की सबसे बड़ी एवं अनूठी पहल का शुभारंभ, 1 जुलाई 2022 को देवेंद्र नगर स्थित 'श्री नारायणा हॉस्पिटल' में होने जा रहा है, जिसमें 50 जरूरतमंद मरीजों के आर्थोपेडिक, स्पाइन तथा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट आपरेशन पूर्णतया निशुल्क होंगे, उनका रहना खाना-पीना और मेडिसिन आदि सभी सुविधाएँ पूर्णतः निशुल्क होंगी, जो छत्तीसगढ़ वासियों के लिए एक अनूठी उपलब्धि होगी, जिसमें देश के जाने माने एवं विख्यात ऑर्थोपेडिक स्पाइन एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन अपनी सेवाएं देने उपस्थित होंगे,इस आयोजन का शुभारंभ हमारे प्रांत के माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कर कमलों द्वारा होगा, इसके साथ ही इसी दिन यहाँ पर 1,2 एवं 3 जुलाई को मध्य भारत की सबसे बड़ी स्पाइन एवं ऑर्थोप्लास्टी कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ भी होने जा रहा है जिसमें उपस्थित सर्जन 1 एवं 2 जुलाई की विशेष ओपीडी में निशुल्क परामर्श एवं सर्जरी हेतु अपनी सेवाएं देंगे। इस निशुल्क ऑर्थोपेडिक कैंप में, टोटल नी रिप्लेसमेंट, टोटल हिप रिप्लेसमेंट, शोल्डर रिप्लेसमेंट सर्जरी, नी एवं शोल्डर आर्थोस्कॉपी, एसीएल रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी, स्पाइनल सर्जरी, ज्वाइन्ट फ्यूशन, एंकल रिपेयर एवं सभी प्रकार के फ्रेक्चरों की सर्जरी तथा बच्चों एवं किशोरों में हड्डियों से संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन जैसे जटिल स्कोलियोसिस एवं रीढ़ की हड्डी के विकार, नए या पुराने फैक्चर, हड्डियों के कैंसर (ओस्टियोसारकोमा),जन्मजात एवं वंशानुगत हड्डी रोगों के विकारों की सर्जरी, हिप (DDH) का डिस्प्लेशिया, फुट क्लब एवं सेरेब्रल पाल्सी(CP) आदि के ऑपरेशन पूर्णता निशुल्क होंगे, श्री नारायणा हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर द्वय डॉ सुनील खेमका एवं डॉ मेघा खेमका ने बताया कि शासन द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ हमारे प्रांत के आम जनों को मिल रहा है, इसी तारतम्य में श्री नारायणा हॉस्पिटल अपने 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ में पहली बार 50 निशुल्क ऑर्थोपेडिक ऑपरेशन करने जा रहा है।

# नोडल तथा बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों में क्षमता निर्माण हेतु 2 दिवसीय कार्यशाला

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ पुलिस एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में राज्य के थानों में पदस्थ विशेष किशोर पुलिस इकाई के नोडल अधिकारी तथा बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों में क्षमता निर्माण हेतु 2 दिवसीय कार्यशाला (30 जून एवं 01 जुलाई, 2022) का उद्घाटन पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ अशोक जुनेजा द्वारा किया गया। कार्यशाला में राज्य के विभिन्न जिलों से 140 प्रतिभागी सम्मिलित हो रहे हैं। जिन्हें बच्चों से संबंधित कानून, कानूनों में हुए संशोधन एवं बाल हितैषी थानों का सुगमतापूर्वक संचालन के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया जावेगा।

उद्घाटन समारोह में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ अशोक जुनेजा ने कहा कि बच्चें राष्ट्र का भविष्य हैं एवं बच्चों के संरक्षण की दिशा में पुलिस की भूमिका अत्याधिक महत्वपूर्ण है। बच्चों के संरक्षण एवं विधि का उल्लंघन करने वाले किशोर बच्चों को समाज की मुख्य धारा में लाने की दिशा में पुलिस का दायित्व महत्वपूर्ण है। इसलिए आवश्यक है कि बाल संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाले पुलिस के साथ-साथ अन्य सभी पुलिसकर्मियों को भी इस दिशा में प्रशिक्षित किया जावे। छत्तीसगढ़ पुलिस अधिकारियों एवं यूनिसेफ ने इस दिशा में एक सराहनीय पहल की है, जो लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ अशोक जुनेजा एवं यूनिसेफ की ओर से सी.ए.पी. विशेषज्ञ, यूनिसेफ श्याम सुधीर बंदी द्वारा तैयार की गई मार्गदर्शिका का विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी हिमांशु गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशासन), प्रदीप गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (यो/प्र.), विवेकानंद, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नक्स.ऑप.), एस.सी. द्विवेदी, पुलिस महानिरीक्षक (अअवि), डॉ. संजीव शुक्ला, पुलिस महानिरीक्षक (अअवि) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। यूनिसेफ की ओर से सी.ए.पी. विशेषज्ञ, यूनिसेफ श्याम सुधीर बंदी, चाईल्ड प्रोटेकशन स्पेशिलिस्ट, यूनिसेफचेतना देसाई एवं चाईल्ड प्रोटेकशन अधिकारी, यूनिसेफ प्रियंका सेठी एवं कॉउसिल फॉर सिक्योर जस्टिस संस्था से सुश्री निमिषा श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं।

# उदयपुर हत्याकांड बर्बर व अमानवीय : कांग्रेस

**हत्यारों को 6 घंटे में पकड़कर सलाखों के पीछे डाला**

■ भाजपाई अपरिपक्व और गैर जिम्मेदार प्रतिक्रिया दे रहे

**रायपुर/नवप्रदेश।** कांग्रेस ने उदयपुर नृशंस हत्या की कड़ी निंदा किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सभ्य समाज में हिंसा और इस प्रकार की बर्बरता का कोई स्थान नहीं है। उदयपुर की घटना पूरी मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति देश में न हो यह जवाबदारी देश के हर नागरिक और सभ्य समाज की है। देश के हर जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य बनता है कि इस बर्बरता घटना के वीडियो और तस्वीरों को प्रचारित करने से बचे। इस घटना को प्रचारित करके हम जाने अनजाने तथा असामाजिक तत्वों के मंसूबों को सफल बनाने का जरिया बन जाते है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ऐसे बर्बर तत्व और घटनायें देश की एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचाने का काम करते है। दुर्भाग्यजनक है कि देश की सत्ता में बैठी हुई भारतीय जनता पार्टी इस घटना के बाद जो आचरण प्रस्तुत कर रही जो बयान दे रही है वह देश की शांति के लिये नुकसान पहुंचाने वाले। देश की सत्तारूढ़ राजनैतिक दल के नेता देश भर में जैसा बयान दे रहे सर्वथा निंदनीय है। सारा देश उदयपुर की घटना से आहत है, व्यथित है लेकिन कुछ आपराधिक मनोवृत्ति के व्यक्तियों के कृत्यों के आधार पर पूरे देश में माहौल खराब करने अतिवादी चरित्र का प्रदर्शन कर भारतीय जनता पार्टी के उन्हीं हिंसक मनोवृत्ति वाले हत्यारों के रास्ते पर जाने का प्रयास कर रहे है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अशोक गहलोत सरकार ने 6 घंटे के भीतर-भीतर आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस पूरे मामले को फास्ट ट्रैक में भेज दिया। जांच में जो उभर कर आया उस आधार पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने खुद ही एनआईए को पूरा सहयोग देने की बात की है।

# उदयपुर बर्बर हत्याकाण्ड हैवानियत का नंगा नाच : रिजवी

**रायपुर/नवप्रदेश।** मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल अहमद रिजवी ने उदयपुर (राजस्थान) में हुई जघन्य हत्या को हैवानियत के नंगा नाच की संज्ञा देते हुए कहा है कि ऐसे हत्याकांड की जितनी मजम्मत की जाए कम है। हत्यारों के साथ कोई रियायत न किया जाए तथा उन्हें शरियत के कानून के तहत सार्वजनिक स्थल पर फांसी देना ही उचित सजा होगी। रिजवी ने आगे कहा है कि यदि फरारी काट रही नुपुर शर्मा एवं नवीन जिंदल द्वारा हजरत पैगम्बर मुहम्मद साहेब के विरूद्ध घटिया, निंदनीय एवं अमर्यादित कथन न किया होता तो उक्त घटना ही नहीं होती। ईस्लाम धर्म में बदले के लिए कोई स्थान नहीं है। मुकद्दस किताब कुरान शरीफमें साफ लिखा है कि हर हालत में सच्चे मुसलमान को सब्र (धैर्य) रखना चाहिए (इन्नल्लाह मा अस साबरीन) के कहे गए कुराने ए पाक के आदेश का पालन हर मुसलमान का परम कर्तव्य है। प्रदेश एवं देशवासियों से निवेदन किया है कि ऐसी घटनाएं देश के शांत माहौल को बिगाड़ने के लिए भी किए जाते हैं तथा उसके पीछे देश की एकता एवं अखण्डता को खण्डित करने का इरादा छुपा रहता है। देशवासियों से निवेदन है कि भारत की परम्परागत गंगा जमनी विरासत को बरकरार रखें। देश के मुसलमान इस वहशियाना कत्ल पर शर्मिंदा है तथा इसकी घोर निंदा करते हैं।

## एक सीएमओ सस्पेंड, चार को नगरीय प्रशासन मंत्री ने जारी किया नोटिस

**रायपुर/नवप्रदेश।** नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत आने वाले नगरीय निकायों के कार्यों की राज्य स्तरीय समीक्षा के दौरान शासकीय कार्य में लापरवाही और अनियमितता बरतने पर चार अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इनमें सरगुजा संभाग के झगराखण्ड और कोतबा नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिक अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। रायपुर संभाग के अंतर्गत नगर पालिका तिल्दा और नगरी के उप अभियंता को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह दुर्ग संभाग से गंडई और अम्बागढ़ नगरीय निकाय के अभियंता को कारण बताओ नोटिस और छुरिया नगर पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं।

# जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े को लेकर जिले में प्रचार-प्रसार

■ प्रचार रथ को किया गया रवाना

**रायपुर/नवप्रदेश।** जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े को लेकर जिले में प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मीरा बघेल के द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रथ का उद्देश्य लोगों में जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर जागरूकता लाना और परिवार नियोजन के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ परिवार नियोजन के स्थाई और अस्थाई साधनों के बारे में लोगों को जागरूक करना भी है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के जिला मीडिया प्रभारी गजेन्द्र डोंगरे ने बताया इस रथ द्वारा सूचना शिक्षा संचार और पैंप्लेट के साथ सभी विकासखंडों में जा कर प्रचार करेगा। गर्भ निरोधक के अस्थाई साधनों की जानकारी सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में कॉर्नर बनाकर दी जाएगी जहाँ पर कंडोम बॉक्स भी रखे गए हैं जो सभी के लिए निशुल्क उपलब्ध हैं। स्थाई साधनों में पुरुष नसबंदी और महिला नसबंदी की सुविधा जिला अस्पताल पंडरी, आयुर्वेदिक अस्पताल, माना सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरगांव, धरसीवां, अभनपुर, आरंग और तिल्दा में उपलब्ध करवाई जायेगी। दंपति संपर्क के दौरान जो दम्पति अपनी सहमति किसी भी साधन के लिए देंगें, उसको एएनएम और आरएचओ (ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक) द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जानकारी भर कर देनी होगी। दम्पति को यह सेवाएं ताकि 11 से 24 तक दी जायेंगी। सबसे ज्यादा केस कराने वाले आरएचओ को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

जागरूकता रथ को रवाना करने के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नोडल डॉ. एस के सिन्हा, डॉ.संजीव वोरा, एएसओ, डीके बंजारे, प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य (आरएमएनसीएचए) की सलाहकार डॉ.निकिता पवार, डॉ. रंजना गायकवाड़ और राज यदु मौजूद रहे।

राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के आंकड़ों के अनुसार रायपुर ज़िले में 76.8% योग्य दम्पति आधुनिक गर्भनिरोधक साधनों का उपयोग करते है। वहीं 58.2% महिलाएं नसबंदी करवाती है जबकि पुरुषों में यह प्रतिशत 0.5% ही है।

## सरकार विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के शिक्षित युवाओं को सरकारी नौकरी दे रही

■ पूर्व रमन सरकार ने विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लिए कोई काम नहीं किया

**रायपुर/नवप्रदेश।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के शिक्षित युवाओं को सरकारी नौकरी में सीधी भर्ती करने का निर्णय ऐतिहासिक कदम है। ये विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के साथ न्याय हैं। सरकार के फैसले से विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के अबूझमाड़िया, कमार, पहाड़ी कोरबा, बिरहोर बैगा पण्डो और भुजिया जनजाति के 9623 शिक्षित युवाओं को उनके पात्रता के अनुसार सीधी भर्ती का लाभ मिलेगा। बिलासपुर, मुंगेली, राजनांदगांव, कोरिया, कबीरधाम, कोरबा, सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, रायगढ़, गरियाबंद, धमतरी, कांकेर, महासमुंद, नारायणपुर, सूरजपुर और बलौदाबाजार में इस सम्बंध में कार्यवाही करने का निर्देश दे दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के शिक्षित युवाओं को तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों मे सीधी भर्ती कर सरकारी नौकरी करने का अवसर प्रदान किया है। भाजपा के 15 साल के शासन काल में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग को उनका अधिकार नहीं मिला था। उनके रोजगार शिक्षा स्वास्थ्य और उनके कानूनी अधिकारों के लिए काम नही किया गया था।

## संसदीय सचिव उपाध्याय के साथ रायपुर के सीनियर सिटीजन ने देखा दक्ष आईटीएमएस

**रायपुर/नवप्रदेश।** स्मार्ट सिटी मिशन के सातवीं वर्षगांठ पर शहर के वरिष्ठ नागरिकों ने यातायात, शहरी प्रबंधन व अपराध नियंत्रण की अति आधुनिक प्रणाली दक्ष कमान सेंटर का भ्रमण किया। इस अवसर पर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. ने हेल्प एज इंडिया के साथ मिलकर डिजिटल साक्षरता, साइबर सुरक्षा व शहर की निगरानी प्रणाली पर कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. के एम.डी. श्री मयंक चतुर्वेदी, मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल भी शामिल हुए।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय ने दक्ष प्रणाली के वार रूम के जरिए कोरोना काल में लोगों को त्वरित नागरिक सेवाएं सुलभ कराने के लिए रायपुर स्मार्ट सिटी टीम की पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि हाईटेक प्रणाली का बेहतर उपयोग करते हुए हर जरूरतमंद तक भोजन, राशन, दवा, ऑक्सीजन, डॉक्टर जैसी हर सेवा हर घर तक पहुंचाने में स्मार्ट सिटी ने बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि यहां के वरिष्ठ नागरिक रायपुर की बदलती तस्वीर के साक्षी है एवं उनके सुझावों के अनुरूप शहर में सुविधाओं एवं सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है।

# 14 दिवसीय संकाय संवर्धन कार्यक्रम (एफडीपी) का समापन

■ कलिंगा विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं व्यावहारिक विज्ञान विभाग के द्वारा आयोजित

**रायपुर/नवप्रदेश।** कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के द्वारा बी प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र निजी विश्वविद्यालय है, जो एनआईआरएफ रैंकिंग 2021 में उत्कृष्ट 151-200 विश्वविद्यालयों में सम्मिलित है। यहाँ पर वैश्विक मापदंड के अनुरूप उच्च गुणवत्तापूर्ण और बहु-विषयक अनुसंधान केंद्रित शिक्षा के साथ-साथ शिक्षकों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाता है। इसी उद्देश्य के अंतर्गत कलिंगा विश्वविद्यालय में 14 जून से 27 जून तक द्विसाप्ताहिक संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम (एफ्डीपी) का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विषयों के विद्वान वक्ता, शिक्षकों एवं शोधार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया।

दो सप्ताह के एफ्डीपी के एक भाग के रूप में 25 जून 2022 को सिरपुर, छत्तीसगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। अंतिम दिन एफ्डीपी 27 जून 2022 को सुबह 10 बजे कलिंगा विश्वविद्यालय परिसर में शुरू हुआ।

सत्र की शुरुआत विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. चंद्रकांत शर्मा द्वारा दिए गए स्वागत भाषण से हुई, स्वागत भाषण के बाद, कार्यक्रम का पहला सत्र शुरू हुआ। डॉ. एल.वी.के.एस भास्कर, डीन स्कूल ऑफ स्टडीज इन लाइफ साइंस, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ के सत्र के द्वारा एक ऊर्जावान शुरुआत हुई। सत्र ष्सेल बायोलॉजी में हालिया प्रगतिष् के विषय से संबंधित था। उन्होंने छत्तीसगढ़ में सिकल सेल एनीमिया के निदान और अग्रिम उपचार और अनुसंधान के अवसरों के बारे में एक महान व्याख्यान दिया।

# ब्लैक आऊट होने पर 38 मिनट में चालू हो सकेंगे बिजलीघर

■ रायपुर के स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर से कराया गया ब्लैक स्टार्ट मॉकड्रिल

■ कोरबा के बिजलीघरों को पुनर्संचालित करने बांगो से भेजा गया पॉवर

**रायपुर/नवप्रदेश।** प्रदेश में आकस्मिक ब्लैक आउट होने की स्थिति में ताप विद्युत गृहों को पुनर्संचालित करने हेतु हसदेव बांगो जल विद्युत गृह से स्टार्ट अप पॉवर सप्लाई करने संबंधी एक मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) छत्तीसगढ़ स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में सफलतापूर्वक किया गया। मॉकड्रिल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि आपात स्थिति में पॉवर प्लांट के ब्लैक आऊट होने पर कोरबा पश्चिम के बिजली संयंत्रों को शुरू करने हेतु लगभग 38 मिनट में जल विद्युत संयंत्रों से बिजली पहुंचाई जा सके। गौरतलब है कि अचानक ब्लैक आऊट होने की स्थिति में पावर प्लांटों को फिर से स्टार्ट करना कठिन होता है, इसके लिए तुरंत बिजली की आवश्यकता पड़ती है, जिसकी तत्काल आपूर्ति जल विद्युत संयंत्रों से ही हो सकती है। दिनांक 29 जून 2022 को यह मॉक ड्रिल छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन एवं उत्पादन कम्पनी के प्रबंध निदेशक क्रमशः श्रीमती उज्जवला बघेल तथा श्री एन0 के बिजौरा की उपस्थिति एवं कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के डगनिया स्थिति लोड डिस्पैच सेंटर में संपादित इस "ब्लेक स्टार्ट मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) की मानीटरिंग मुंबई स्थित वेस्टर्न रीजनल लोड डिस्पैच सेंटर के एक्सपर्ट इंजीनियर स्काडा सिस्टम से कर रहे थे। इंडियन इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड और स्टेट ग्रिड कोड के प्रावधानों के अनुसार साल में दो बार इस तरह का मॉकड्रिल करना होता है। इस दौरान डंगनिया स्थित स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर में कार्यपालक निदेशक सर्व के0 एस0 मनोठिया, पी0सी0 पारधी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रीमती शारदा सोनवानी, आर0सी0 अग्रवाल, आर0 अरविंद, अधीक्षण अभियंता संजय चैधरी, जी0के0 मण्डावी, मनोज राय, एम0एस0 सिंह, अनिल अग्रवाल कार्यपालन अभियंता अर्जुन प्रसाद, जी0पी0सिंह, एस0 सूर्यप्रकाश, नमिता विभा लकरा, सहायक अभियंता केतन मिश्रा, रेशमा सेतपाल, जुवेना गोम्स। उत्पादन संकाय से कार्यपालन अभियंता अमिता बारा, चन्दर्प्रभा ठाकुर, अवनीश जोशी, देवेन्द्र खिलवार, हितेन्द्र मार्कन्डे, सहायक अभियन्ता एस0सी0 भट्ट, सविता चक्रवर्ती, संध्या देवागंन आदि उपस्थित थे। राज्य भार प्रेषण केन्द्र के नियंत्रण कक्ष में ड्युटी पर उपस्थित कार्यपालन अभियंता मनोज रावटे एवं सहायक अभियंता प्रीति गुप्ता की मॉकड्रिल को सम्पन्न कराने में सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इसी तरह बांगो जल विद्युत संयंत्र के अधीक्षण अभियंता पी0के0 पंड्या एवं उनकी टीम, विद्युत गृह कोरबा पूर्व में ए0एस0 मरावी एवं उनकी टीम, कोरबा पश्चिम में व्ही0के0 पांडे एवं उनकी टीम, पारेषण संकाय से कोरबा पूर्व, जमनीपाली, छुरीखुर्द एवं खरमोरा विद्युत उपकेन्द्रों से डी0एस0 पटेल, अधीक्षण अभियंता एवं उनकी टीम, वितरण संकाय से एस0के0 चक्रवर्ती अधीक्षण अभियंता कोरबा एवं उनकी टीम का कोरबा पूर्व, जमनीपाली एवं छुरीखुर्द तथा संचार एवं टेलीमीटरी संकाय से अजय कंवर कार्यपालन यंत्री, उरांव एवं उनकी टीम की सक्रिय भूमिका इस मॉकड्रिल को सम्पन्न कराने में रही है।

## न्यूज गैलरी

### हिमाचल में भिलाई के कलाकारों ने समा बांधा

**दुर्ग (नव प्रदेश)।** हिमांचल प्रदेश शिमला (सोलन) में आयोजित स्वर गंधर्व के कलाकारों ने बांसुरी तबला एवं की बोरड़ में अपनी प्रस्तुति दे कर पुरे देश से आये कलाकारों को मंत्र मुग्ध किया इनके इस को पुरे भारत से आये हुवे कलाकारों में प्रताम स्थान प्राप्त हुवा .इस प्रस्तुति में लोक संगीत और पाश्चात्य संगीत का समन्वय की झलक दिखाई गई है .इस प्रस्तुति में बांसुरी पर ऋषि कुमार देशबाड़ी एवं उनके पुत्र गर्व कुमार देशबाड़ी .तबले पर भूपेंद्र साहू व् की बोर्ड पर जोहना अंकित गौरव तिथि व् मानस झा ने अपना योगदान दिया .इस प्रस्तुति को स्वर गंधर्व के संचालक श्री अजीत बनर्जी ने स्वरबद्ध एवं तालबद्ध किया .यह संस्था इसके पूर्व भी देश एवं वदेशो में अपना परचम लहरा चुकी है .एवं छत्तीसगढ़ का नाम गौरान्वित कर चुकी है।

### जिल पंचायत में होगा पेंशन निराकरण प्रशिक्षण का आयोजन

**दुर्ग (नव प्रदेश)।** छत्तीसगढ़ शासन वित विभाग एवं संचालनालय कोष-लेखा एवं पेंशन नवा रायपुर द्वारा सेवानिवृत्त, मृत शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के परिपालन में कार्यालय संभागीयसंयुक्त संचालक, कोष-लेखा एवं पेंशन दुर्ग एवं जिला कोषालय दुर्ग द्वारा पेंशन निराकरण प्रशिक्षण का आयोजन डॉ. दिवाकर सिंह राठौर, संभागीय संयुक्त संचालक, कोष-लेखा एवं पेंशन, दुर्ग के मार्गदर्शन में 01 जुलाई को जिला पंचायत सभागृह, दुर्ग में आयोजित किया जा रहा है । जिसमें पूर्व सेवानिवृत्त, मृत अधिकारियों, कर्मचारियों जिनका की पेंशन , परिवार पेंशन के प्रकरणों का किसी कारणवश निराकरण नहीं हुआ है तथा आगामी माहों में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी व कर्मचारियों का पेंशन प्रकरण तैयार करने आ रहे कठिनाइयों को दूर किये जाने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इस हेतु जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को उनके संबंधित कार्यालय सहायक को उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित होने के लिए कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे द्वारा निर्देशित किया गया है।

### जाति प्रमाण पत्र के पात्र हितग्रहियों के संबंध में एमआईसी ने लिया निर्णय

**दुर्ग (नव प्रदेश)।** नगर निगम दुर्ग की एमआईसी की बैठक महापौर कक्ष में आज महापौर धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में 2 एजेंड़ों पर चर्चा हुई। चर्चा के उपरांत उक्त प्रकरणों की अनुशंसा कर अनुमोदन हेतु आगामी होने वाले सामान्य सभा की बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया गया है। विभाग द्वारा प्रस्तुत जाति प्रमाण पत्र के 161 पात्र हितग्राहियो की सूची को एमआईसी की बैठक में रखी गई। चर्चा के उपरांत उक्त प्रकरणों की अनुशंसा करते हुए अनुमोदन हेतु सामान्य सभा की आगामी बैठक में भेजे जाने का निर्णय लिया है।एक अन्य प्रकरण प्रस्तुत बस स्टेण्ड स्थित रैन बसेरा के संबंध में चर्चा हुई। श्रीमती सरस्वती अध्यक्ष धनश्री महिला स्व सहायता समूह को संचालन हेतु प्राप्त अधिकतम ऑफर राशि रुपये 152,200 को महापौर धीरज बाकलीवाल के आदेश दिनांक 13 अप्रेल 22 को स्वीकृति की गई थी उक्त प्रकरण की स्वीकृति सर्वसम्मति से दी गई। अनुशंसा पश्चात इस प्रकरण को भी अनुमोदन हेतु सामान्य सभा में भेजे जाने का निर्णय लिया गया।बैठक में प्रभारी निगम आयुक्त आशीष देवांगन, सभापति राजेश यादव एवं उपस्थित एमआईसी के सदस्यों को विस्तृत जानकारियां दी तथा अवलोकन कराया गया। इस मौके पर लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी,वित्त विभाग दीपक साहू,जलकार्य विभाग संजय कोहले,राजस्व विभाग ऋषभ जैन,पर्यावरण विभाग श्रीमती सत्यवती वर्मा,सामान्य प्रशासन विभाग सुश्री जमुना साहू, सांस्कृतिक विभाग अनूप चंदनिया, शिक्षा व खेल विभाग मनदीप सिंह भाटिया,कार्यपालन अभियंता आरके पांडेय, राजकमल बोरकर,नारायण यादव,थानसिंग यादव, योगेश सूरे समेत अन्य अधिकारी,कर्मचारी मौजूद थे।

**मेट्रो सिटी की सड़कों की तरह नजर आएंगी सड़कें**

# महापौर परिषद का बड़ा निर्णय, 10 प्रमुख सड़कों का होगा सौंदर्यीकरण

■ **आकर्षक लाइटिंग एवं म्यूरल पेंटिंग सहित सौंदर्यीकरण के होंगे सभी काम, शहर की सुंदरता को मिलेगा नया आयाम, महापौर निधि से होंगे काम**

**नव प्रदेश संवाददाता**

**भिलाई नगर।** महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे तथा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में संपन्न हुई। आज महापौर परिषद ने अहम निर्णय लेते हुए सड़कों के सौंदर्यीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण फैसला लिया है। महापौर की निधि से शहर के प्रमुख 10 सड़कों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए महापौर की निधि 2 करोड़ 25 लाख खर्च होगी। ज्यादातर सड़कें पटरी पार की है। महापौर ने शहर विकास एवं नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अपनी निधि से सौंदर्यीकरण करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसी के साथ ही हजारों की संख्या में रोजाना आवाजाही वाले सड़कों का कायाकल्प होगा, राहगीरों एवं आम नागरिकों को इससे सुविधा मिलेगी। ज्यादातर सड़कें नेशनल हाईवे से होकर भिलाई शहर के भीतर के क्षेत्रों में जाने वाले रास्ते पर है। मेट्रो सिटी में जैसी सड़कें होती है वैसे ही सड़कें भिलाई में नजर आएगी। प्रथम चरण में सुपेला घड़ी चौक से राजेंद्र प्रसाद चौक तक तथा नेहरू नगर चौक से सूर्या मॉल चौक तक की सड़कों का कायाकल्प होगा। सड़कों के किनारे आकर्षक लाइटिंग, लैंडस्कैपिंग, फाउंटेन एवं पार्किंग आदि की व्यवस्था होगी। इन सड़कों से गुजरने वाले लोगों को दिन के अलावा रात्रि में भी अलग ही नजारा प्रतीत होगा। हजारों लोगों का प्रतिदिन इन सड़कों से आना जाना होता है, दिनभर इस सड़क पर आवाजाही रहती है, यह शहर का प्रमुख एवं व्यस्ततम मार्ग है जिसको देखते हुए महापौर एवं महापौर की परिषद ने इसके सौंदर्यीकरण करने का फैसला लिया है। एक हाईटेक सिटी की तरह एक चौक से दूसरे चौक तक की सड़कों का सौंदर्यीकरण होगा। इसके अतिरिक्त महापौर परिषद की बैठक में अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई जिसमें प्रमुख रुप से सिविक सेंटर चौपाटी का विकास होगा, शहर का हृदय स्थल सिविक सेंटर एक आकर्षक और अलग स्वरूप में नजर जाएगा, इसकी स्वीकृति भी महापौर परिषद ने दी है। आज की बैठक में प्रमुख रूप से महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, एकांश बंछोर, सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, नेहा साहू, मीरा बंजारे, मालती ठाकुर, केशव चौबे, चंद्रशेखर गवई, लाल चंद वर्मा एवं मन्नान गफ्फार खान तथा जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, येशा लहरे एवं पूजा पिल्ले, सचिव जीवन वर्मा महापौर के निज सचिव वसीम खान, शरद दुबे, दिलीप कुरुवे, अजय शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के धरना को भाजपा ने दिया समर्थन

■ **जिला अध्यक्ष अपनी टीम के साथ पहुंचे धरना स्थल**

**नव प्रदेश संवाददाता**

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा अपने मांगो को लेकर मानस भवन के सामने अनिश्चि कालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। भूपेश बघेल ने चुनाव से पहले अपने 2018 के घोषणा पत्र में वादा किया था कि छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों को ही पूर्णकालीन नियमित करेंगे। लेकिन अभी तक उन्होंने वादा पूरा नहीं किया है। जिसके विरोध में अपनी मांग को पूरा कराने के लिए अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इनके धरना प्रदर्शन को जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा अपनी टीम के साथ धरना स्थल पर जाकर समर्थन देते हुए मांगो को जायज बताया है। उनके साथ धरना प्रदर्शन के दौरान भाजपा जिला महामंत्री ललित चंद्राकर , भाजपा जिला कार्यकारणी सदस्य डॉ. सुनील साहू, भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष लोकमानी चंद्राकर भी मौजूद थे। धरना प्रदर्शन के दौरान उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनाव से पहले गंगा जल को हाथ में लेकर 36 प्रकार के लोक लुभावने वादे किए थे। जिसमे से एक भी वादा पूरा नहीं किया है। छत्तीसगढ़ के लिए दुर्भाग्य की बात है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार कर पैसा कमा रहे है और छत्तीसगढ़ के स्कूल, सिंचाई, हॉस्पिटल, में लगने वाले पैसे को दूसरे राज्यों के चुनाव प्रचार में उड़ा रहे हैं। भाजपा जिला महामंत्री ललित चंद्राकर ने कहा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनाव से पहले अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों को नियमित करने का वादा किया था उसे पूरा करना पड़ेगा नही तो छत्तीसगढ़ की जनता 2023 के चुनाव में मुहतोड़ जवाब देगी।

## निगम प्रशासन ने 8 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई

**नव प्रदेश संवाददाता**

**भिलाई नगर।** 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम के 8 कर्मचारियों को गुरूवार को ससम्मान विदाई दी गई। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी एवं एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी एवं उपायुक्त रामकांत साहू ने कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान आई कठिन परिस्थितियों को बताते अपने अनुभव को बताते हुए सभी को मिलकर कार्य करने के लिए प्रेरित किए।

सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी एवं एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किए और सेवानिवृत्त होने के बाद अब आप सभी पूरे परिवार के साथ अच्छा जीवन बिताएं और अपने अनुभवों के साथ समाज के अच्छे कार्यों में सहभागी बने। उपायुक्त रमाकांत साहू ने सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इन्होंने निगम प्रशासन को मजबूत स्तंभ बनाने में अपनी सेवाएं दी है। जोन आयुक्त प्रीती सिंह ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को कहा कि सेवानिवृत्त के बाद किसी भी जरूरत पर आप बेझिझक निगम परिवार से मदद ले सकते है, सेवानिवृत्त के बाद भी निगम परिवार का हिस्सा है, विभिन्न उपलब्धियों में आप लोगों की भूमिका रही है। सेवानिवृत्त होने के बाद अब आप सभी पूरे परिवार के साथ अच्छा जीवन बिताएं।

### जमीन पर अवैध कब्जा, निगम के तोड़फोड़ दस्ते ने हटाया

**भिलाई नगर (नव प्रदेश)।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत बैकुंठ धाम मंदिर के समीप पानी टंकी के पास पूर्व दिशा में निगम की खाली जमीन पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा कब्जा किया जा रहा था, लगभग 500 स्क्वायर फीट की जमीन पर अवैध कब्जे की नियत से पोल एवं तार से जगह को घेर दिया गया था तथा बीच में चबूतरा का निर्माण किया जा रहा था। निगम के अधिकारियों को जैसे ही इसकी खबर लगी वह मौके पर पहुंचे और फेंसिंग को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त किया। यह जमीन मदर टैरेसा नगर आवासीय योजना की भूमि है। जिस पर अवैध कब्जा कर, अवैध निर्माण की तैयारी की जा रही थी। इसके आसपास सैकड़ों एकड़ जमीन खाली है, यह निगम की रिक्त भूमि है। निगम इसे सुरक्षित रखने के लिए लगातार मॉनिटरिंग करती है। भू माफिआओं से भूखंड को बचाने समय-समय पर निगम कार्रवाई करती आ रही है।

## व्यापारियों की मांग पर सेक्टर 6 बी मार्केट में लगेगा पेवर ब्लॉक

**10 लाख की लागत से बी मार्केट में लगेगा पेवर ब्लॉक**

**नव प्रदेश संवाददाता**

**भिलाई।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के पहल पर सेक्टर 6 बी मार्केट सड़क के दोनों केवल ब्लॉक लगाया जाएगा।10 लाख की लागत से पेवर ब्लॉक लगाने का काम किया जाएगा सेक्टर 6 बी मार्केट के व्यापारियों में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात करके पेवर ब्लॉक लगाने की मांग की थी व्यापारियों की मांग पर विधायक देवेंद्र यादव ने तत्काल पहल की और संबंधित अधिकारी को पेवर ब्लॉक लगाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया था। निर्देश के तहत प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति भी करा ली गई है। अब जल्द ही टेंडर प्रक्रिया की पूरी की जाएगी और काम शुरू किया जाएगा। व्यापारियों ने बताया था कि बारिश के सीजन में मार्केट में सड़क किनारे कीचड़ हो जाता है। जिससे मार्केट में खरीदी करने के लिए आने वाले ग्राहकों को भी बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में कीचड़ व गंदगी को देखते हुए ग्राहक भी इस मार्केट में नहीं आते। इससे काफी नुकसान होता है। इसलिए सभी व्यापारियो की मांग पर सड़क किनारे पेवर ब्लॉक लगाया जाएगा। ताकि कीचड़ नहीं होगा और लोगों को आने जाने में सहूलियत होगी क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ेगी और सफाई भी बना रहेगा। जल्द ही सभी जरूरी प्रक्रिया पूरी होने वाली है। टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर के आने वाले दिनों में इसका भूमि पूजन भी किया जाएगा।

**जल्द मिलेगा लाभ**

व्यापारियों की मांग जल्द ही पूरी होने वाली है सभी प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है जल्द ही भूमि पूजन कार्य किया जाएगा और सड़क किनारे दोनों ओर पेवर ब्लॉक लगाएं जाएंगे जिससे व्यापारी और ग्राहक दोनों को लाभ मिलेगा।

**देवेंद्र यादव, विधायक**


### नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ती टेमीन बाई (TEMIN BAI) पति ओमप्रकाश निर्मलकर (OMPRAKASH NIRMALKAR) उम्र-34 वर्ष, निवासी इंदिरा नगर पहन्डोर बस्ती वार्ड नं. 34 भिलाई चरोदा जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूं। भारत सरकार द्वारा मेरे नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 623070271992, पैन कार्ड क्रमांक GITPB4671B राशन कार्ड क्रमांक 223787663639 एवं बैंक ऑफ बड़ोदा के खाता क्रमांक 87620100012103 के पास बुक मे मेरा नाम टेमिन बाई (TEMIN BAI) पति ओमप्रकाश निर्मलकर (OMPRAKASH NIRMALKAR) अंकित है जो कि सत्य एवं सही है। मेरी पुत्री राधिका निर्मलकर (RADHIKA NIRMALKAR) जिसकी जन्मतिथि 14/5/2006 है, जो कि पहली कक्षा से दसवी कक्षा तक की पढ़ाई शासकीय स्कूल सोमनी भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.) में की है, एवं कक्षा ग्यारहवी की पढ़ाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय भिलाई-3 में अध्ययनरत है। जिसके शालेय रिकार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश प्रेमीन बाई (PREMIN BAI) अंकित हो गया है जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम टेमीन बाई है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र मे मेरा नाम टेमीन बाई व पिता का नाम ओमप्रकाश निर्मलकर सही रूप से अंकित है। टेमीन बाई (TEMIN BAI) एवं प्रेमीन बाई (PREMIN BAI) दोनों नाम एक ही महिला अर्थात मेरा स्वयं का नाम है। मेरे सही व वास्तविक नाम टेमीन बाई (TEMIN BAI) पति ओमप्रकाश निर्मलकर (OMPRAKASH NIRMALKAR) को शासकीय गजट में प्रकाशन करवाने एवं उस आधार पर मेरी पुत्री राधिका निर्मलकर के स्कूल रिकार्ड में एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित करवाने बाबत आवश्यक दस्तावेजों के साथ शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
टेमीन बाई

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र- /अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अरूणा देवी आ. शशि श्रीवास्तव साकिन कोलिहापुरी द्वारा ग्राम कोलिहापुरी प.ह.नं. ..... रा.नि.मं. ..... दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 238/4, 238/5 रकबा 0.04, 0.04 हे. खरीदी गई थी किन्तु त्रुटिवश भूमि का रकबा 0.20 हे. दर्ज हो गया है जिसे सुधार करने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त भूमि आवेदित भूमि का रकबा किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12/7/22 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24/6/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अति. तहसीलदार, जिला दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम श्री शेख शौकत — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202206100400259

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री शेख शौकत आ. श्री हाजी शेख रूस्तम निवासी फरीद नगर कोहका भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग | 2784/2 | 0.020 हें 1800 वर्गफीट | व्यवसायिक |

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.06.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

### नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ती ज्योति अविनाश मुंजेवार (JYOTI AVINASH MUNJEWAR) पति स्व. अविनाश मुंजेवार (AVINASH MUNJEWAR), उम्र- 53 वर्ष, निवासी- केयर ऑफ- राजेश पटवर्धन, 1/बी, स्ट्रीट नं. 25, सेक्टर-8 भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूं। मेरी जन्मतिथि 23/08/1969 है। मेरा पुत्र रिद्धेश अविनाश मुंजेवार (RIDDHESH AVINASH MUNJEWAR) जिसकी जन्मतिथि 12/10/2007 है जो कि डी.ए.व्ही. पब्लिक स्कूल हुडको भिलाई सी.जी. में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत् है, जिसके शालेय रिकार्ड में, मेरे पुत्र का नाम रिद्धेश मुंजेवार (RIDDHESH MUNJEWAR) अंकित है, जबकि उसके नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 582679852907 में उसका नाम रिद्धेश अविनाश मुंजेवार (RIDDHESH AVINASH MUNJEWAR) अंकित है जो कि सत्य व सही है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम रिद्धेश अविनाश मुंजेवार (RIDDHESH AVINASH MUNJEWAR) अंकित है। रिद्धेश अविनाश मुंजेवार (RIDDHESH AVINASH MUNJEWAR) एवं रिद्धेश मुंजेवार (RIDDHESH MUNJEWAR) दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा पुत्र का नाम है। मेरे पुत्र के सही व वास्तविक नाम रिद्धेश मुंजेवार (RIDDHESH MUNJEWAR) पिता स्व. अविनाश मुंजेवार (AVINASH MUNJEWAR) को शासकीय गजट में प्रकाशन करवाने एवं उस आधार पर उसके स्कूल रिकर्ड में, शासकीय अर्धशासकीय दस्तावेजों एवं अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने बाबत आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
ज्योति अविनाश मुंजेवार

### न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202206100900145/202206100900145
विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

कानाकोट प.ह.न. 00030 (68 (0.2700हे.))
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / कामेश्वर अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक कामेश्वर आ. माहंगुराम निवासी ग्राम कानकोट तह. पाटन द्वारा ग्राम कोनाकोट प.ह.नं. 30 तह. पाटन में स्थित भूमि पुराना खसरा नं. 18/7 का टुकड़ा 19/1 का वर्तमान खसरा नं. 68 रकबा 0.27 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि मेरे पिता माहंगुराम द्वारा क्रय किया गया भूमि है। उक्त भूमि के पुराना खसरा नं. 18/7 का टुकड़ा 19/1 के नक्शा के अनुसार वर्तमान नया खसरा नं. 68 में नक्शा एवं कब्जा के आधार पर वर्तमान नक्शा में त्रुटि सुधार करने के लिए आवेदन किया है। उक्त प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 18/7/22 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/6/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

### न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र- 93 //अ-20(1)/ वर्ष 2021 -22

आवेदिका श्रीमती कुसुमावती विन्देकर पति स्व. वी.एस.विन्देकर निवासी आदमी नगर हुडको भिलाई जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आदमी नगर हुडको भिलाई में स्थित ख.नं.1/2, 2/1 का टुकड़ा भूखण्ड नं. एमआईजी 1/742 क्षेत्रफल 150 वर्गमीटर भूमि आवेदक के पिता/पति स्व. वी.एस.विन्देकर को भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई द्वारा आबंटित है। आबंटिती की मृत्यु दिनांक 22/11/2020 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा मृतक आबंटिती का नाम विलोपित करने तथा उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करते हुए नवीन पट्टा निष्पादन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 11/7/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24/6/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

पंजी. नं. 202206100400510

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका मीरा नायक पति भूपेन्द्र नायक निवासी मरोदा सेक्टर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 768/11 रकबा 0.008 हें/ 900 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23/6/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

पंजी. नं. 202206100400262

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक राकेश तांडी आ. बूदू तांडी निवासी सेक्टर-6 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 284/55, 285/55 रकबा 0.011 हें/ 1250 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16/6/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता शम्भू शाह, उम्र 44 वर्ष, पिता स्वे. जगदीश शाह, निवासी- हाउस नं. 166/के आजाद मोहल्ला केम्प-1 वार्ड नं. 19 सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग का रहने वाला हूं। मेरी पुत्री शासकीय पूर्व माध्यमिका शाला केम्प-1 भिलाई में कक्षा नवमी में अध्ययनरत है। मेरी पुत्र के स्कूल के दाखिल खारिज एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में उसका नाम आयशा साहा दर्ज है जो कि मेरी पुत्री का घरेलू नाम है। मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम चुमकी साह है जो कि उसके जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं राशन कार्ड में दर्ज है। मैं अपनी पुत्री के स्कूल दाखिला खरिज एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में दर्ज आयशा साहस के स्थान पर उसका सही व वास्तविक नाम चुमकी साह दर्ज करवाना चाहता हूं, जो कि उसके जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं राशन कार्ड में दर्ज है। मेरी पुत्री अपने परिवर्तित नाम चुमकी साह के नाम से ही भविष्य में जानी, पहचानी व पुकारी जाएगा, तथा भविष्य में जारी होने वाले समस्त शासकीय, अर्धशासकीय, दस्तावेजों में अपनी पुत्री का परिवर्तित नाम चुमकी साह दर्ज करवाना चाहता हूं। शपथपत्र राजपत्र में प्रकाशन हेतु श्रीमता के समक्ष सादरं प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
शम्भू शहा

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र- 202206100700305//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशीष शर्मा पिता स्व. बाबू लाल शर्मा निवासी ग्राम दीपक नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 118/5 रकबा 0.0510 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार रमेश लाल की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14/7/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/6/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र- 202206103300050/अ-06/ वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका साद बाई पिता/पति स्व. गुजुराम निवासी सिकोला मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 29/6 रकबा 0.0590 हे. आवेदक के पति स्व. गुजुराम के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी दिनांक 8/12/2012 की मृत्यु हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 6/7/22 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16/6/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनू साहू पिता स्व. राम अवतार साहू निवासी वार्ड क्र. 35 रामदेव मंदिर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग मौजा ग्राम बघेरा प.ह.नं. 48 रा.नि.मं सिकोला तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 261/42 रकबा 0.0060 हे. भूमि नाबालिक सोनू साहू आ. स्व. रामअवतार के नाम पर दर्ज है। आवेदक का नाम खातेदार के रूप में नाबालिक के रूप में दर्ज है। आवेदक बालिक हो चुके है। आवेदक सोनू साहू की जन्मतिथि 04/02/2003 उम्र 19 वर्ष हो गया है जिसके कारण आवेदक के नाम के आगे नाबालिक शब्द को राजस्व रिकार्ड से विलोपित कराना चाहते है। आवेदक द्वारा आवेदन मय बी-1 एवं मार्कशीट की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12/7/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27/6/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में मामला

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

क्रमांकः सीजी 5106216062022014
दुर्ग प.ह.न. 00024 हे.

**ईश्तहार**

तह. दुर्ग के प.ह.नं. 00024 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के भूमिस्वामी चन्दाबाई पिता/पति स्व. भरतलाल देवांगन पता वार्ड-12 नया आमापारा दुर्ग तह व जिला दुर्ग, ललिता देवांगन पिता/पति स्व. भरतलाल देवांगन पता वार्ड-12 नया छुईखदान तह. जिला राजनांदगांव, सुनिता देवांगन पिता/पति स्व.भरतलाल देवांगन पता ग्राम मुनगी रायपुर चंदखुरी तह. जिला रायपुर, सपिता देवांगन पिता/पति स्व. भरतलाल देवांगन पता ग्राम मुनगी रायपुर चंदखुरी तह. जिला रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा नं. 1297/12 (0.0072) में नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07/07/2022 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायानय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि के पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/6/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को आम जनता के माध्यम से सूचित कर आगाह किया जाता है बिन्देश्वरी प्रसाद पिता स्व. अदालत महतो निवासी 454 सड़क 5 सी शांतिनगर कोहका वार्ड नं. 11 भिलाई जिला दुर्ग ने, राजेश सेटठी पिता स्व. नरसिम्हलू केम्प 2 शारदापारा भिलाई जिला दुर्ग से उसकी इकरारशुदा भूमि ग्राम खेदामारा प.ह.नं. 16 खसरा नं. 767/1 का रकबा 0.1140 हे. का टुकड़ा 984 वर्गफीट प्लाट नं. 25 जिसके उत्तर दिशा में प्लाट नंबर 26, दक्षिण दिशा में अन्य की भूमि, पूर्व दिशा में रोड़ एवं बी.एस.पी. की जमीन, पश्चिम दिशा में प्लाट नं. 24 को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बतौर बयाना अग्रिम धनराशि प्रदान कर दिया है। अग्रिम बयाना धनराशि प्राप्त कर विक्रेता राजेश सेट्ठी ने बिन्देश्वरी प्रसाद के पक्ष में इकरारनामा निष्पादित कर दिया है। शेष विक्रय के प्रतिफल की राशि पंजीयन के समय दिया जाना तय हुआ है। विक्रय पत्र का पंजीयन किया जाना शेष है अतः सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था साहूकार, शासकीय अर्धशासकीय, संस्था को बैंक को किसी प्रकार की आपत्ति दावा या उजर उक्त भूमि पर हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय में आकर मय दस्तावेज विक्रयपत्र के पंजीयन के पूर्व आपत्ति दर्ज करावें। निर्धारित समयावधि पश्चात क्रेता अर्थात मेरा पक्षकार बिन्देश्वरी प्रसाद उक्त भूमि का स्वयं के पक्ष में विक्रय पत्र का पंजीयन करा सकेगा बाद की गई दावा आपत्ति अमान्य होगा।

भवदीय
मनोज कुमार दुबे अधिवक्ता
कक्ष क्रमांक 3 जिला न्यायालय दुर्ग
मो. नं.- 9340315079

### न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202206100900142/202206100900142
विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

सुपहोन्हा प.ह.न. 00037
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / अध्यक्ष दुर्ग जिला कुम्भकार समाज अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि अध्यक्ष दुर्ग जिला कुम्भकार समाज द्वारा ग्राम सुपकोन्हा प.ह.नं. 37 तह. पाटन स्थित भूमि खसरा नं. 669, 7211 रकबा क्रमशः 19.09, 3.78 हे. में से दोनों मिलाकर दो है भूमि पाटन ब्लाक के मुम्हारों के लिए कुम्हारी धन्धा हेतु आरक्षित करने आवेदन किया है। उक्त प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 14/7/22 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/6/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202206100900128/202206100900128
विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

सावनी प.ह.न. 00019 (756 (0.3200हे.))
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / जगदीश जांगड़े अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम सावनी प.ह.नं.19 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदकगण जगदीश जांगड़े पिता स्व. बड़रिया अन्य 06 निवासी ग्राम सावनी तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम सावनी ह.नं. 19 स्थित अनावेदकगण के नाम दर्ज भूमि ख.नं. 756 रकबा 0.32 हे. का पुराना ख.नं. 81/1 का रकबा 0.84 डिस. को बिन्दाबाई पिता दुखू के नाम दर्ज भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 22/6/1964 को क्रय कर कब्जा प्राप्त है व वर्तमान में क्रेता व विक्रेता दोनों का फौत हो चुका है। उक्त भूमि का पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु सहित आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः कि आवेदकगण जगदीश जांगड़े पिता स्व. बड़रिया अन्य-6 द्वारा पंजीकृत बयनामा से उपरोक्त दर्शित भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 07/07/2022 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/6/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

# राशन चोरी करते रंगे हाथ पकड़ाने वाले राशन दुकानदार की दुकान निलंबिबत

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** शहर के वर्धमान नगर वार्ड नंबर 19 में संचालित शासकीय उचित दुकान को खाद्य विभाग द्वारा निलंबित कर दिया गया है। बता दे कि वर्धमान नगर के जागरूक नागरिक सुमित भाटिया के की द्वारा उक्त राशन दुकान में व्याप्त अनियमितता के संबंध में खाद विभाग में शिकायत की गई थी। बताया जाता है कि वार्ड नंबर 19 में राशन दुकान संचालक उमेश राजपूत द्वारा वार्डवासियों के शिकायत पर राशन की अफरा-तफरी करते रंगे हाथों पकड़ा गया था। उक्त संचालक राशन सामग्रियों की हेरा-फेरी तो करता ही था उनके द्वारा रजिस्टर मेंटेन भी नहीं किया जाता था तथा किसी को 10 किलो किसी को 20 किलो राशन थमा कर गरीबों के राशन में कांटा मारी किया जाता था। उन्हें गरीबों के हक राशन सामग्रियां चुरा कर अपने मालवाहक में भरकर उसे अन्यत्र ले जाते हुए रंगे हाथे पकड़ा गया था। इस संबंध में जिला खाद्य ने की विभाग में शिकायत होने पर तत्संबंधित जांच की गई जिसमें प्रथम दृष्ट्या खाद्यान्न की अफरा तफरी एवं खाद्यान वितरण में अनियमितता किये जाने के फलस्वरूप उक्त राशन दुकान नव जागृति खाद्य सुरक्षा व पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति राशन दुकान वार्ड नंबर 19 को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

जिला खाद्य अधिकारी भूपेन्द्र मिश्रा ने बताया कि उमेश राजपूत द्वारा संचालित उक्त उचित मूल्य की दुकान को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उसे समीपस्थ उचित मूल्य दुकान के 421001028 शिव शक्ति बहुद्देश्यीय सहकारी समिति में अस्थाई रूप से मर्ज किया गया है।

## राशन चोरों और मिलीभगत करने वालों का मुंह हुआ काला : भाटिया

**राजनांदगांव।** वार्ड क्रमांक 19 वर्धमान नगर की जनता के हक की हुई जीत। पिछले दिनों वार्ड क्रमांक 19 की उचित मूल्य राशन दुकान से राशन चोरी करते वहां के ठेकेदार को रंगे हाथ पकड़ने के बाद से उस पर कार्यवाही की मांग वहां की जनता द्वारा जिलाधीश, खाद्य अधिकारी, पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ कोतवाली थाना प्रभारी से की जा रही थी। इस परिपेक्ष में आज निष्पक्ष जांचकर कार्यवाही की गई तथा राशन चोरी के साथ-साथ नाप तौल में और रजिस्टर मेंटेन में गड़बड़ी भी पाई गई थी। इन्हीं आधारों पर वार्ड क्रमांक 19 वर्धमान नगर की उचित मूल्य की दुकान को निरस्त की गई है।

# बेमेतरा पुलिस ने नशा मुक्ति के खिलाफ अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, अति.पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में थाना/चौकी प्रभारियों के द्वारा नशा मुक्ति के खिलाफ अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा हैं। इस अभियान तहत 28 जून को थाना दाढी, नवागढ एवं चौकी देवकर स्टाफ उप निरीक्षक टीआर कोसिमा, सउनि सुभाष सिंह, प्रधान आरक्षक मोहन साहू, यागेश्वर देशमुख एवं अन्य स्टाफ के द्वारा दाढी के चौक चौराहो, ग्राम बचेडी के ग्रामीणो एवं नवागढ में आमजनो को बताया कि बीडी, सिगरेट, शराब, गांजा जैसे नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। लोगो को नशा नहीं करने का संकल्प व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। नशे से ग्रसित व्यक्ति तनाव में रहता है और उसे मानसिक परेशानियां घेर लेती है, इसके अलावा उसे स्वास्थ्य परेशानियां भी होती है और नशे में अपराध की ओर अग्रसर हो जाता है। क्योकि ऐसे ही व्यक्ति अपराधों को बढावा देता है।

# दुर्ग निगम का जनसूचना अधिकारी कुर्सीविहीन!

## तीन महीनों से कर रहे हैं घूम-घूमकर काम

**दुर्ग/नवप्रदेश।** नगर निगम के प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी के पास जहां बैठने के लिए न केवल कुर्सी है, अपितु उनके लिए पंखे, कूलर और एयर कंडीशनर की भी व्यवस्था है, वहीं दूसरी ओर एक ऐसा भी अधिकारी है, जिसके पास बैठने की जगह तक नहीं है। कहने के लिए उक्त अधिकारी के नाम की पट्टिका एक कमरे के बाहर लगी है, लेकिन उसके भीतर बैठने की जगह उपलब्ध नहीं है। हालात यह है कि जन सूचना अधिकारी को घूम-घूमकर काम करना पड़ रहा है।

करीब तीन महीने पहले राजूलाल चंद्राकर को दुर्ग नगर निगम में जनसूचना अधिकारी बनाया गया था। तब से लेकर अब तक चंद्राकर ने कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से कक्ष उपलब्ध कराने का निवेदन किया, किन्तु उनके लिए बैठक व्यवस्था उपलब्ध नहीं करवाई गई। राजूलाल चंद्राकर कभी इस दफ्तर तो कभी उस दफ्तर में बैठकर वक्त काट रहे हैं। सूचना का अधिकार के लिए उन्हें पत्र आदि तैयार करवाने के लिए भी खासा संघर्ष करना पड़ता है। संबंधित विभाग को नोटशीट भेजने से लेकर तमाम तरह के काम वे घूमते-फिरते निपटा रहे हैं। कई तरह के दस्तावेजों को भी वे अपनी दुपहिया की डिक्की में रखकर काम चला रहे हैं।

बताते हैं कि पिछले दिनों एक सज्जन ने जन सूचना अधिकारी के ही खिलाफ आरटीआई लगा दी थी। उक्त सज्जन यह जानना चाहता था कि जन सूचना अधिकारी के आने-जाने का वक्त क्या है और वह कहां बैठते हैं। इससे ज्यादा हास्यास्पद स्थिति क्या होगी जो अधिकारी लोगों को सूचनाएं देने के लिए नियुक्त किया गया है, उसी के खिलाफ सूचना मांगी गई। चंद्राकर के मुताबिक, जनसूचना अधिकारी के रूप में नियुक्ति के बाद उन्होंने कई बार कक्ष आबंटित करने का निवेदन किया है। देखते हैं, कब तक आबंटन होता है। सूत्रों के मुताबिक, नगर निगम में कई कक्ष खाली पड़े हैं। वहीं कई ऐसे स्थान है, जहां जन सूचना अधिकारी के लिए बैठक व्यवस्था करवाई जा सकती है। मीडिया विभाग के बगल में ही दो-तीन कक्ष खाली पड़े हुए हैं। इसके अलावा कमरा नंबर दो, जिसे सहायक राजस्व निरीक्षक कक्ष भी कहा जाता है, में भी व्यवस्था बनाकर बैठक का इंतजाम किया जा सकता है। जानकारों के मुताबिक, इस कमरा नंबर दो में राजस्व अधिकारी भी नहीं बैठते हैं। कुछ समय पहले कार्यपालन अभियंता राजेश पाण्डेय ने नोटशीट चलाकर प्रभारी राजस्व अधिकारी नारायण यादव से कक्ष आबंटन की बात कही थी, किन्तु नारायण यादव ने कक्ष खाली नहीं होने का हवाला देते हुए पल्ला झाड़ लिया था। जबकि वर्तमान में उस कक्ष में एक प्लेसमेंट कम्प्यूटर आपरेटर अकेली काम कर रही है।

## न्यूज गैलरी

### नवनियुक्त मंडी सदस्यों ने संसदीय सचिव बंजारे का जताया आभार

**नवागढ़/नवप्रदेश।** कृषि उपज मंडी बेमेतरा सदस्य बनाये जाने पर किसान नेता शिव बंजारे व ईश्वरी साहू ने नवागढ़ निवास कार्यालय पहुंचकर संसदीय सचिव व

नवागढ़ विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे से भेंट कर अपनी नियुक्ति हेतु उनके प्रति आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर श्री बंजारे ने दोनों नवनियुक्त सदस्यों को बधाई व शुभकामना देते हुए कहा कि कृषि कार्य व किसानों से सीधे जुड़े इस दायित्व का मिलना आपकी जिम्मेदारी को बढ़ा देता है, किसान हित में कार्य करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुसार अपने दायित्व का निर्वहन करें व अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास करें. छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है व यहाँ की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से कृषि पर ही निर्भर है. भेंट के दौरान दोनों नवनियुक्त मंडी सदस्यों के अलावा दत्त जैन पूरी, नंद साहू, प्यारे लाल साहू, मोहित साहू, नैना कुर्रे, देवेंद्र साहू, अरमान साहू, बिरेन्द्र साहू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### सीएम गहलोत का फूंका पुतला

**नवागढ़/नवप्रदेश।** राजस्थान के उदयपुर में हुए कन्हैया लाल के हत्या के विरोध में बजरंग दल और धर्म सभा नवागढ़ के द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुतला फूंका गया। इस अवसर पर देवेंद्र धर दीवान, सौरभ बबलू ताम्रकार, श्रीकांत सिंह ठाकुर, मिंटू बिसेन, देवदास चतुर्वेदी, किरण सिंह संतोष खुराना, रिंकू चौहान, आनंद चतुर्वेदी, रमेश यादव, नीलेश जायसवाल, केदार साहू, विनोद साहू, कृपाशंकर त्रिपाठी, मनीष यादव, रूपेश यादव आदि उपस्थित रहे।

### बेरला पुलिस ने बारगांव में किया सट्टा पर कार्यवाही

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** थाना बेरला पुलिस को 28 जून को मुखबीर से सुचना मिली कि ग्राम बारगांव का रूपेन्द्र सोनी बाजार चौक बारगांव में चबुतरा के पास आम जगह में अंको पर से रूपया-पैसो का हार-जीत का दाव लगाकर सट्टा पट्टी लिख कर जुआ खेला रहा है की सूचना पर थाना बेरला स्टाफ मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथो पकडे। जिसमें 1 प्रकरण में 1 आरोपी रूपेन्द्र सोनी पिता पवन सोनी उम्र 20 साल साकिन बारगांव थाना बेरला जिला बेमेतरा के कब्जे से जुमला नगदी रकम 940 रूपये एवं सट्टा पट्टी, डांट पेन जप्त कर 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

### संसदीय सचिव की अनुशंसा पर हीरा बने कृषि उपज मंडी अध्यक्ष

**महासमुन्द/नवप्रदेश।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की अनुशंसा पर कृषि उपज मंडी भारसाधक समिति महासमुन्द में हीरा बंजारे को अध्यक्ष तथा गोविंद साहू को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया

है। वहीं सदस्य के रूप में थनवार यादव, जब्बर चंद्राकर, चमन सिन्हा व आलोक नायक की नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति पर संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर का आभार जताया है। बुधवार को कृषि विपणन के संचालक ने आदेश जारी किया है। जिसके तहत कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष हीरा बंजारे, उपाध्यक्ष गोविंद साहू, सदस्य थनवार यादव, जब्बर चंद्राकर, चमन सिन्हा व आलोक नायक शामिल हैं। आदेश जारी होने के बाद बुधवार की रात नवनियुक्त अध्यक्ष हीरा बंजारे, उपाध्यक्ष गोविंद साहू, सदस्य जब्बर चंद्राकर, चमन सिन्हा आदि संसदीय सचिव निवास पहुंच कर संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर से मुलाकात कर नियुक्ति पर आभार जताया।

## कोटा में नीट की कोचिंग के लिए पहुंची है बालोद जिले की लीना

# उदयपुर की घटना से माहौल खराब कर्फ्यू लगा, घर लौटना मुश्किल

- **अग्निपथ योजना से हंगामे के बाद ट्रेनें भी रद्द, छात्रा ने फोन पर साझा की हमसे वहां के हालात**

**बालोद/नवप्रदेश।** इन दिनों जहां अग्निपथ योजना के चलते नाराज लोगों का हंगामा थमा नहीं है। ट्रेनों में आगजनी और हिंसा जारी है। जिससे पूरे भारत भर में खासतौर से उत्तर भारत क्षेत्र में कई ट्रेनें रद्द कर दी गई है। जिससे मध्य भारत छत्तीसगढ़ और दक्षिण क्षेत्र में जाना मुश्किल हो गया है। ऐसे संकट के दौर के बीच राजस्थान के उदयपुर में नूपुर शर्मा के समर्थक कन्हैया लाल दर्जी की हत्या के बाद मामला और गंभीर हो गया है। राजस्थान की गहलोत सरकार के खिलाफ जहां विरोध जारी है तो राज्य भर में हालात बिगड़ गए हैं। जिसके चलते वहां कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 144 लागू है। पूरे राज्य में कर्फ्यू लागू कर दिया गया है। लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। तो वहां जो भी रह रहे हैं और वह अगर बाहर से हैं तो उन्हें जाने की इजाजत भी अभी मुश्किल से मिल पा रही है। ऐसे ही हालातों के बीच कोटा, राजस्थान में नीट की कोचिंग करने के लिए पहुंची बालोद जिले के ग्राम भीमकन्हार की बेटी लीना साहू भी वहां फंसी हुई है। जो नीट का ही टेस्ट एग्जाम देने के लिए छत्तीसगढ़ नहीं आ पा रही है। अब तक दो ट्रेनें जिसमें उन्हें आना था दोनों ही एक-एक कर रद्द हो चुकी है। उन्हें चिंता है कि वह 17 जुलाई तक अपने परीक्षा केंद्र भिलाई छत्तीसगढ़ पहुंच पाएंगी या नहीं? लीना, भीम कन्हार के सरपंच पोषण साहू की बेटी है। वहां के हालातों के बारे में हमने लीना से फोन पर चर्चा की। बताई कि वहां 3 दिन से इंटरनेट बंद है। सिर्फ फोन से ही बात कर पा रहे हैं। वहां के हालातों के बारे में तस्वीर भी साझा करना मुश्किल है। किसी तरह की अफवाह जनक बातों से माहौल ना बिगड़े और लोग आक्रोश को सोशल मीडिया के जरिए बढ़ावा ना दें सहित कई सुरक्षा कारणों से सरकार ने वहां इंटरनेट सुविधा बंद कर दी है। हालांकि जिस उदयपुर क्षेत्र में घटना हुई है वहां से 280 किलोमीटर दूर कोटा क्षेत्र में एक हॉस्टल में लीना अपने सहपाठी सहेलियों के साथ रह रही है। उसे 28 जून को निकलना था लेकिन ट्रेन रद्द होने से वह आ नहीं पाई।

### जहां रहती हूं वहां भी लगा है कर्फ्यू

लीना ने बताया कि जिस क्षेत्र में वह रह रही है वहां भी कर्फ्यू लागू है। तीन से चार लोगों का एक साथ निकलने पर पाबंदी है। पुलिस प्रशासन सख्ती बरत रही है। तो इधर ट्रेनें एक-एक कर कैंसिल हो रही है। बता रहे हैं कि 12 जुलाई तक उस क्षेत्र में ट्रेन कैंसिल कर दी गई है। जो सीधे छत्तीसगढ़ की ओर चलती थी। अब वह झारखंड के रूट से आने का प्रयास करेगी।

### बेटी से रोज फोन पर बात कर बढ़ाते हैं हिम्मत

सरपंच पोषण साहू ने बताया कि बेटी से रोज फोन पर बात कर उनका हौसला बढ़ाते हैं। कहते हैं कि उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। सब कुछ सामान्य हो जाएगा। सामने परीक्षा है इसलिए वह तनाव ना ले। कैसे भी करके उसे घर पहुंचाएंगे और वह परीक्षा में शामिल होगी। कोटा राजस्थान में नीट की तैयारी के लिए छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अलावा झारखंड से भी बच्चे पढ़ने के लिए पहुंचे हुए हैं।। लगभग पुराने बैच वालों का टेस्ट एग्जाम 17 जुलाई को निर्धारित है। जिसमें लीना को भिलाई छत्तीसगढ़ सेंटर जिसके लिए प्रवेश पत्र भी जारी हो चुका है पर उसके सामने चुनौती है कि कैसे वो इन हालातों का सामना करके अपने गांव पहुंचे।

### झारखंड रूट से ट्रेन का है विकल्प, बस रद्द ना हो जाए

अब वह 2 जुलाई को झारखंड रूट के ट्रेन से जाने की तैयारी कर रही है। अगर ट्रेन रद्द नहीं हुआ तो वह झारखंड होते हुए बिलासपुर तक पहुंचेगी। अगर ऐसा नहीं हुआ तो फिर उसके सामने फ्लाइट के अलावा कोई चारा नहीं होगा। चिंता है कि वह समय पर नीट का टेस्ट एग्जाम देने भिलाई सेंटर पहुंच पाएगी या नहीं. क्योंकि जिसकी पढ़ाई के लिए वह यहां आकर कोचिंग कर रही थी उसी का टेस्ट नजदीक आ गया है और ऐसे हालातों में वह कोटा में फंसी हुई है।

# छत्तीसगढ़ी भाषा संघर्ष समिति ने राज्यपाल और सीएम से मिलने मांगी अनुमति

**खरोरा।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से छत्तीसगढ़ी भाषा में एम.ए. कर चुके और वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों का प्रतिनिधिमंडल आज राज्यपाल अनुसुइया उईके एवं मुख्यमंत्री भूपेश

बघेल से मिलने के लिए उनके निवास जाकर आवेदन दिया। ज्ञात हो कि राज्य बनने के 7 साल बाद प्रदेश की स्थानीय भाषा छत्तीसगढ़ी को तात्कालीन भाजपा सरकार ने 2007 में राजभाषा का दर्जा दिया था और आज 21 साल बीत गए हैं राजभाषा छत्तीसगढ़ी मात्र राजभाषा के रूप में जानी जाती है ना ही उसको सरकारी कार्यालयों में उपयोग किया जाता है और ना ही स्कूलों में पढ़ाई का माध्यम बनाया गया है। आज भी छत्तीसगढ़ी भाषा उपेक्षा की शिकार है इन सब बातों को राज्यपाल और मुख्यमंत्री के सम्मुख रखने के लिए समिति के सदस्य आज उनके निवास कार्यालय आवेदन देने पहुंचे थे। कार्यालय ने उनका आवेदन स्वीकार किया है और जल्द ही मुलाकात करवाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान ऋतुराज साहू, संजीव साहू, दीपमाला शर्मा, बलदेव साहू, विनय बघेल, गुलशन वर्मा, हलधर पटेल एवं रोहित पटेल उपस्थित थे।


**न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला**

क्रमांकः 202206100900126/202206100900126

विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

सावनी प.ह.न. 00019 (546 (0.1300हे.))

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / दुकालू राम अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम सावनी प.ह.नं.19 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक दुकालू राम पिता भगेला निवासी ग्राम सावनी तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम सावनी ह.नं. 19 तह. पाटन स्थित भूमिस्वामी स्व. जगोती पति यजराम यादव के नाम दर्ज पुराना ख.नं. 546/1 रकबा 1.66 डिसमिल को पंजीकृत बैनामा दिनांक 22/6/1964 को क्रय किया जाना व क्रेता व विक्रेता का वर्तमान में फौत होना व उक्त खसरा नं. का नया ख.नं. 769 रकबा 0.45 हे. है जिसमें क्रेता के एक मात्र वारिसान दुकालू राम होना व विक्रता उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु सहित आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः कि आवेदक दुकालू राम पिता भगेला द्वारा पंजीकृत बयनामा से उपरोक्त दर्शित भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 07/07/2022 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/6/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
पाटन (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला**

क्रमांकः 202206100900127/202206100900127

विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

सावनी प.ह.न. 00019 (770 (0.4200हे.))

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / देवलाल अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम सावनी प.ह.नं.19 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक देवलाल पिता स्व. मेहत्तर निवासी ग्राम सावनी तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम सावनी ह.नं. 19 स्थित अनावेदकगण के नाम दर्ज भूमि ख.नं. 770 रकबा 0.42 हे. का पुराना ख.नं. 546/1 का 1.66 हे. को जगोती पति जयराम यादव के नाम दर्ज भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 22/6/1964 को क्रय कर कब्जा प्राप्त हे व वर्तमान में क्रेता व विक्रेता दोनों का फौत हो चुका है। उक्त भूमि का पंजीकृत बैनामा के आधार पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु सहित आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः कि आवेदक दुकालू राम पिता भगेला द्वारा पंजीकृत बयनामा से उपरोक्त दर्शित भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 07/07/2022 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/6/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
पाटन (छ.ग.)


# 20 दिन से भीमकन्हार का बोर लाइन है बंद, किसान परेशान

- **बिजली विभाग नहीं दे रहा ध्यान**

**बालोद/नवप्रदेश।** डौंडीलोहारा ब्लाक के ग्राम भीमकन्हार में इन दिनों किसान लगभग 20 दिन से बोर बिजली कनेक्शन बंद होने से हलाकान हो गए है। संबंधित बिजली कंपनी को सूचना दिए जाने के बाद भी सुधार कार्य नहीं किया गया है। जिसके चलते बोर नहीं चल पा रहे हैं। तो वोल्टेज की भी समस्या आ रही है। इससे किसान काफी परेशान है। अपनी समस्या सरपंच सहित विद्युत वितरण कंपनी सुरेगांव के अधिकारियों को भी दे चुके हैं लेकिन अब तक हल नहीं निकल पाया है। सरपंच पोषण साहू का कहना है कि कंपनी को सूचना देने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो पाई है। लेटलतीफी से काम किया जा रहा है। ट्रांसफार्मर में खराबी है। जिससे गांव में भी बिजली व्यवस्था प्रभावित हो रही है। किसानों के बोर नहीं चल पा रहे हैं।

### क्या कहते हैं जेई

सुरेगांव के जेई ओमप्रकाश धुर्व का कहना है कि कुछ जगह पोल टूटे हुए थे ।जिनका मरम्मत व नई पोल लगाने का काम चल रहा है। जल्दी व्यवस्था सुधारी जाएगी। ट्रांसफार्मर का कार्य भी बचा है उसे बदला जाएगा। यह काम कल तक पूरा हो जाएगा। जिसके बाद व्यवस्था दुरुस्त हो जाएगी।

**इन किसानों ने की है शिकायतः** प्रमुख रूप से किसान राम कुमार चंद्राकर, रोहित, घनश्याम चंद्राकर, नरसिंह साहू, अनिल जैन, दिलबहार चंदेल, चंदू देवहारी, दिनेश साहू, द्वारका देवहारी, अनिल जांगड़े व अन्य किसानों के बोर कनेक्शन बन्द है।


Chola
Enter a better life

**चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कम्पनी लिमिटेड**

कार्पोरेट कार्यालयः नं. 2, 'डेयर हाउस, प्रथम तल, एन.एस.सी. बोस रोड, चेन्नई-600 001.
शाखा कार्यालयः शॉप नं. 416, चौथी मंजिल, नेशनल कार्पोरेट पार्क, मारुति बिजनेस पार्क के सामने, जी.ई.रोड, रायपुर छत्तीसगढ़-492001. सम्पर्क नं. प्रकाश वर्मा- 9981343191, अंशुल अग्रवाल- 9713436260.

**ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियां की बिक्री के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना । एतद्द्वारा आम जनता और विशेष रुप से ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति प्रतिभूत लेनदार के साथ गिरवी रखी गई है, जिसका भौतिक/सांकेतिक कब्जा चोलामंडलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी लिया गया है, इसको उसके बाद चोलामंडलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कंपनी लिमिटेड के रुप में संदर्भित किया गया । प्रतिभूत संपत्तियों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर की जाएगी । इसके द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है हम वेबसाइट https://bankauctions.in. के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं ।

| खाता नंबर, उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता एवं बंधककर्ता का नाम | 1. तिथि 2. मांग सूचना राशि 3. कुल बकाया ऋण 4. कब्जे की तिथि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य / बयाना राशि, बोली वृद्धि. राशि (रुपये में) | ई-नीलामी तिथि, समय, ईएमडी जमा की अंतिम तिथि एवं निरीक्षण तिथि |
|---|---|---|---|---|
| ऋण खाता संख्या- X0HELAI00001979972 ऋणी एवं सह-ऋणी का नाम 1. सनी शुक्ला, 2.शालिनी शुक्ला दोनों का निवास- प्लॉट नं. 131-ए, गली नं. 29, स्मृति नगर, दुर्ग-492003. 3. मेसर्स नाहर इन्फोसोलूशन, 246, 247, 270, 271, चौहन स्टेट, जी.ई. रोड, सुपेला, दुर्ग-490023. | 31-05-2021 ₹ 31,15,873.56/- 31-05-2021 तक ₹ 34,03,619.32/- 29-06-2022 को भुगतान की तारीख तक आगे के ब्याज, दंडात्मक ब्याज, लागत और शुल्क के साथ। 14/09/2021 भौतिक कब्जा | निवास- गली नं. 29, प्लॉट नं. 131/ए, स्मृति नगर, भिलाई, तहसील व जिला- दुर्ग छ.ग. संपत्ति के संबंध मे शॉप नं. 246 व 247 क्षेत्रफल- 21.7 X 20.6 = 446 वर्गफिट या 41.44 वर्गमीटर, मौजा- चौहान स्टेट, शिवनाथ कॉम्प्लेक्स, वाणिज्यिक योजना, सुपेला, भिलाई., तहसील व जिला- दुर्ग छ.ग. मे स्थित संपत्ति के समस्त भाग व अंश । विक्रय विलेख के अनुसार चौहद्दीः उत्तर- शॉप नं. 245, दक्षिण- शॉप नं. 248, पूर्व- बरामदा, पश्चिम- शॉप नं. 270 व 271. | ₹ 21,70,000/-<br>₹ 2,17,000/-<br>₹ 25,000/- | 22-07-2022 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ), 19-07-2022 (शाम 5.30 बजे तक) 18-07-2022 और 19-07-2022 (सुबह 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक) |
| ऋण खाता संख्या- X0HERRH00003397655, X0HERRH00003498167 एवं HE02RRH00000003280 ऋणी एवं सह ऋणी- 1. आनंद जुगलकिशोर कांसेवाले, 2. मार्वलिन आनंद कांसेवाले, दोनों का निवास- आशिर्वाद भवन, कंकाली तालाब के पास, कंकाली पारा, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001. 3. मैसर्स कविता ग्राफिक्स, निवास- मकान नं. 24/618, 24/622, घनश्याम मंदिर के पास, हांडी पारा, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001. 4. अखिल कुमार कसार, 5. विजय लक्ष्मी कसार, दोनों का निवास- 10/147, सती बाजार, फाउंटेन के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001. | 27-01-2022 ₹ 1,43,84,816.09/-, ₹ 7,74,692.39/- और ₹ 31,35,773/- कुल ₹ 1,82,95,281.48/- 27-01-2022 तक ₹ 1,93,29,354.10/- 29-06-2022 को भुगतान की तारीख तक आगे के ब्याज, दंडात्मक ब्याज, लागत और शुल्क के साथ 18/04/2022 भौतिक कब्जा | मद-1ः आशिर्वाद आवासीय और वाणिज्यिक परिसर के ऊपरी भूतल पर संपत्ति की दुकान संख्या-यूजी-2 और यूजी-3 के सभी भाग व अंश, सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल- 289 वर्ग फीट (निर्मित क्षेत्रफल - 163 वर्ग फीट और परिसंचरण क्षेत्रफल- 126 वर्ग फीट) और सुपर बिल्ट-अप क्षेत्र-512 वर्ग फीट। (निर्मित क्षेत्र- 289 वर्ग फीट और परिसंचरण क्षेत्र-223 वर्ग फीट), आशिर्वाद आवासीय और वाणिज्यिक परिसर के ऊपरी भूतल पर स्थित, नगरीय मकान नं. 58/248 का भाग, आबादी सर्वेक्षण संख्या का हिस्सा .- 1861, (कुल भूमि क्षेत्रफल - 1574 वर्ग फीट), कंकालीपारा, ग्राम- रायपुर खास, प.ह.नं.-106-ए, ब्राह्मणपारा वार्ड नंबर - 58, शहर, तहसील और जिला - रायपुर (छ.ग.) मद-2ः प्रथम तल पर फ्लैट नं.- एफएफ-1, संपत्ति के समस्त भाग व अंश, बिल्ट-अप क्षेत्रफल- 1035 वर्ग फीट। (सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल- 1247 वर्ग फीट) और दूसरी मंजिल पर फ्लैट नं. एसएफ-1, बिल्ट-अप क्षेत्रफल- 764 वर्ग फीट। (सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल- 1359 वर्ग फीट) आशिर्वाद आवासीय एवं वाणिज्यिक परिसर, नगरीय मकान नं.- 58/248, आबादी सर्वेक्षण संख्या - 1861 का हिस्सा, (कुल भूमि क्षेत्र - 1574 वर्ग फीट) भाग में स्थित कंकालीपारा, ग्राम - रायपुर खास, फोन नंबर-106-ए, ब्रम्हणपारा वार्ड नंबर - 58, शहर, तहसील और जिला - रायपुर (छ.ग.) एवं विक्रय विलेख के अनुसार चौहद्दीः - फ्लैट नं. एफएफ-1ः उत्तर- श्रीकांत वर्मा का मकान, दक्षिण- श्री रमेश कसार का मकान, पूर्व- सड़क, पश्चिम- गली, चौहद्दीः फ्लैट नं.-एसएफ 1ः उत्तर- श्रीकांत वर्मा का मकान, दक्षिण- श्री रमेश कसार का मकान, पूर्व- सड़क, पश्चिम- गली । | ₹ 71,00,000/-<br>₹ 7,10,000/-<br>₹ 25,000/-<br>₹ 1,18,00,000/-<br>₹ 11,18,000-<br>₹ 1,00,000/- | 22-07-2022 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ), 19-07-2022 (शाम 5.30 बजे तक) 18-07-2022 और 19-07-2022 (सुबह 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक) |
| ऋण खाता संख्या- X0HERRH00001692223 & X0HERRH00002066647 ऋणी एवं सह-ऋणी का नाम 1. गौहर अली, 2. बॉम्बे फुट वियर, 3. अनवार अली, 4. दौलत बानो, 5. शम्सून निशा, सभी का निवास- हैदरी मस्जिद के पीछे, मोमिन पराहंदीपारा, रायपुर-492001, यह भीः शॉप नं. 5 व 6 भाग, प्लॉट नं. 4/1/4, राम देव मार्केट, सदर बाजार, वार्ड नं. 39, रायपुर-492001. | 12-02-2019 ₹ 2,54,47,755.64/- 11-02-2019 तक ₹ 2,77,40,855.01/- as on 29.06.2022 से भुगतान की तारीख तक आगे के ब्याज, दंडात्मक ब्याज, लागत और शुल्क के साथ। 24/04/2019 सांकेतिक कब्जा | संपत्ति 1ः- संपत्ति वाली दुकान सं. 5 व 6 (भाग), प्लॉट नं. 4/1/2, क्षेत्रफल- 318.83 वर्गफीट, रामदेव मार्केट, सदर बाजार, वार्ड नं. 39, रायपुर खास, पी.सी. नं. 106-ए/6, आरआईसी- रायपुर 1, तहसील व जिला- रायपुर । संपत्ति 2ः- संपत्ति वाली दुकान सं. 5 व 6 (भाग), प्लॉट नं. 4/1/3, क्षेत्रफल- 318.83 वर्गफीट, रामदेव मार्केट, सदर बाजार, वार्ड नं. 39, रायपुर खास, पी.सी. नं. 106-ए/6, आरआईसी- रायपुर 1, तहसील व जिला- रायपुर । संपत्ति 3ः- संपत्ति वाली दुकान सं. 5 व 6 (भाग), प्लॉट नं. 4/1/4, क्षेत्रफल- 318.83 वर्गफीट, रामदेव मार्केट, सदर बाजार, वार्ड नं. 39, रायपुर खास, पी.सी. नं. 106-ए/6, आरआईसी- रायपुर 1, तहसील व जिला- रायपुर । संपत्ति 4ः- संपत्ति वाली दुकान सं. 5 व 6 (भाग), प्लॉट नं. 4/1/5, क्षेत्रफल- 318.83 वर्गफीट, रामदेव मार्केट, सदर बाजार, वार्ड नं. 39, रायपुर खास, पी.सी. नं. 106-ए/6, आरआईसी- रायपुर 1, तहसील व जिला- रायपुर । | ₹ 2,43,00,000/-<br>₹ 24,30,000/-<br>₹ 1,00,000/- | 22-07-2022 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ), 19-07-2022 (शाम 5.30 बजे तक) 18-07-2022 और 19-07-2022 (सुबह 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक) |

1. सभी इच्छुक भागीदारों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वेबसाइट https://bankauctions.in/ & https://www.cholamandalam.com/ auction-notices देखें। ई-नीलामी की ऑनलाइन प्रशिक्षण, सहायता, प्रक्रिया के लिए संभावित बोलीदाता श्री मुहम्मद रहिस- 81240 0030 मेसर्स 4 क्लोसर, श्री यू. सुब्बाराव, नंबर- 8142000061 से सम्पर्क कर सकते हैं । ईमेल आईडी- subbarao@bankauctions.in, Email. bharathi@bankauctions.in. का संदर्भ लेवें ।
2. नियम और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया https://bankauctions.in देखें एवं ई-नीलामी में भाग लेने के लिए https://www.cholamandalam.com/auction-notices पर जाएं ।

इसे प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिवस की बिक्री सूचना भी समझी जावे ।

दिनांकः 01.07.2022, स्थानः दुर्ग, रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/ चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कं.लिमि.

## रेंगाखार में वन-धन भवन केन्द्र और कोदो प्रोसेसिंग मशीन लगाने से

# हजारों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा : अकबर

◗ वनमंत्री ने किया प्रोसेसिंग का लोकार्पण एवं शुभारंभ किया

**कवर्धा/नवप्रदेश।** प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने आज रेंगाखार कला में आज वन-धन भवन केन्द्र भवन का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होने कोदो प्रोसेसिंग एवं तेल मशीन प्रोसेसिंग केन्द्र का शुभारंभ किया। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश में वनोपज संग्रहण से जुड़े लाखों परिवारों के आर्थिक विकास और उनके जीवन उत्थान की दिशा में ठोस फैसले लेकर उनके विकास के लिए अनेक योजनाएं और कार्यक्रम चलाए जा रहे है। उन्होने कहा कि वनांचल क्षेत्र के रेंगाखार कला वनोपज की दृष्टि से समृद्ध गांवों में शामिल है। वन-धन भवन का केन्द्र खुलने से वनोजप से जुड़े महिला स्वसहायता समूहों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और उनके आर्थिक विकास में यह केन्द्र महम भूमिका निभाएगा। यहां बताया गया कि कबीरधाम जिले में वन विभाग द्वारा पांच वन-धन केन्द्र संचालित है। इसके बोड़ला, जुनवानी, तरेगांव, और कोदवा वनधन केन्द शामिल है। वन-धन केन्द्र में इससे जुड़े महिला स्वसहायता समूह द्वारा लघु वनोपज का प्राथमिक प्रसंस्करण एवं द्वितीयक प्रसंस्करण के रूप में कार्य किया जाता है। प्राथमिक प्रसंस्करण के अंतर्गत लघु वनोपज की साफ सफाई कार्य किया जाता है। और द्वितीयक प्रसंस्करण में उत्पादक तैयार जैसे कोदो से चावल तैयार करना, कच्चा शहद को मशीन से रिफाइन कर कर बेहतर पैकेजिंग कर बाजार में उपलब्ध कराना शामिल है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा, डीएफओ श्री चूड़ामणि सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री होरी लाल साहू, श्री नीलकंठ चंद्रवंशी, बोड़ला जनपद अध्यक्ष श्रीमती अमिता प्रभाती मरकाम, उपाध्यक्ष श्री सनत जायसवाल, श्री सुमरन सिंह ध्रुर्वे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामकली, श्री रामकुमार पटेल, श्री तुकाराम चंद्रवंशी, हंसराम धुर्वे, श्री जागृतदास मानिकपुरी, श्री हंसराम धुर्वे, श्री लेखराम पंचेश्वर, श्री तानसेन चौधरी, श्री सुरेश जायसवाल, श्री सुकालु धुर्वे, श्री भगोल सिंह मेरावी, श्री शहीद खान, श्री लखन सिंह चौधरी, श्री मोहनलाल अग्रवाल, ग्राम पंचायत सिवनीखुर्द के सरपंच श्रीमती विमला यशवंत पालके, श्री बंशी कुंभकार, श्री सजीद खान, श्री किस्मत सिंह धुर्वे, श्री उमर लाल धुर्वे, श्री मोहित नेताम, श्री बलवंत पटेल, श्री संतोष कुंभकार, श्री संतोष धरमगढ़े, श्री गजराज टेकाम, श्री धनश्याम साहू, श्री चंदन दादरे, श्री दीपचंद, श्री इंद्रकुमार पालके, श्री पुसुराम मेरावी, श्री महेश सिंह नेताम, श्रीमती तनिषा चौधरी, अमरिका नेताम, अनिता कश्यप, विमला धुर्वे, मानक राम, आदित्य नारायण तिवारी एवं समस्त वनांचलवासी उपस्थित थे।

### कोदो कुटकी एवं रागी लघु धान्य रूप में जाना जाता है

वन मण्डलाधिकारी श्री चूड़ामणि सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ में कोदो-कुटकी एवं रागी फसल को लघु धान्य फसल के रूप में जाना जाता है। राज्य सरकार द्वारा कोदो-कुटकी एवं रागी फसल को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है। कोदो-कुटकी एवं रागी फसल से इसके जुड़े लघु धान्य उत्पादक किसानों की आर्थिक विकास को बेहतर बनाने के लिए समर्थन मूल्य निर्धारित की गई। इसे भी राजीव गांधी किसान न्याय योजना से जोड़ा गया है। धान के बदले कोदो-कुटकी एवं रागी फसल को लेने या फसल चक्र परिवर्तन से जुड़ने वालो उत्पादक किसानों की प्रति एकड़ 10 हजार रुपए दिए जाते है।

### तरेगांवजंगल, कुकदूर, बैरख में संचालित है कोदो-कुटकी प्रसंस्करण केंद्र

कोदो-कुटकी का उत्पादन कबीरधाम जिले में सर्वाधिक होने तथा इससे जुड़े किसानों की आर्थिक समृद्धि को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार के मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा जिले में चार अलग अलग स्थानों में कोदो-कुटकी प्रोसेसिंग मशीन लगाने का निर्णय लिए गए। इस निर्णय के अनुसार जिले के आदिवासी बैगा बाहुल्य बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम तरेगांवजंगल और बैरख में कोदो प्रोसेसिंग मशीन लगाई गई। इसी प्रकार पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम पोलमी और कुकदूर में यह मशीन लगाई गई है। कोदो की यह प्रोसेसिंग मशीन वन विभाग के गठित महिला समूह द्वारा संचालित की जा रही है।

---

## प्रधानाध्यापक हाजी मिर्जा सलीम बेग के सेवानिवृत्त होने पर स्टॉफ ने दी विदाई

**देवकर/नवप्रदेश।** नगर निकटवर्ती ग्राम पंचायत डेहरी के सहायक ग्राम बड़े लालपुर में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक हाजी मिर्ज़ा सलीम बेग के सेवानिवृत्ति पर विगत कल गुरुवार को भव्य विदाई कार्यक्रम संस्था स्टॉफ द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें प्रधान अध्यापक हाजी मिर्ज़ा सलीम बेग का माल्यार्पण करते हुए शाला चिन्ह भेंट कर शिक्षकों और बच्चों ने उन्हें विदाई दी।उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन और मार्गदर्शन किया । साला जनभागीदारी विकास समिति के अध्यक्ष धनाराम और हरिश्चंद्र जी भी उपस्थित थे उन्होंने कहा कि आपके मार्गदर्शन में शाला के बच्चों ने शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद व के क्षेत्र में जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय में स्कूल का परचम लहराया है।इस अवसर पर प्राचार्य हाजी मिर्जा सलीम बेग के विदाई समारोह में शाला के स्थानीय शिक्षक सन्तोष राजपूत, टीएन ताम्रकार, घनश्याम सोनी, जेएल सिन्हा, राजेश पटेल, नारायणी ठाकुर व समस्त स्टॉफ सहित व विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

## सुशील शर्मा कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष बने, मिली बधाइयां

**भाटापारा/नवप्रदेश।** राज्य शासन ने प्रदेश की कृषि मंडियों से भारसाधक अधिकारीयो की छुट्टी करते हुए वहाँ पर भारसाधक समितियो की नियुक्ति कर दी हैं, जिसमे भाटापारा कृषि उपज मंडी काअध्यक्ष सुशील शर्मा को नियुक्त किया गया है। सुशील शर्मा के साथ एक उपाध्यक्ष व 5 सदस्यों सहित 7 सदस्यी समिति कृषि मंडियों में बनाई गई है।

विदित हो कि नवनियुक्त अध्यक्ष सुशील शर्मा काफी लंबे समय से कांग्रेस की राजनीति करते आ रहे हैं। इनके साथ में जिन सदस्यों को नियुक्त किया गया है उनमें एक व्यापारी सदस्य की भी नियुक्ति की गई है। उपाध्यक्ष के रूप में श्रीमती चित्र रेखा साहू को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अमरनाथ नेताम,डॉ कृष्ण कुमार नायक, अश्वनी बारले, तुला राम यादव को सदस्य बनाया गया है तथा नरेंद्र भूषणीया को व्यापारी प्रतिनिधि बनाया गया है। अपनी नियुक्ति के बाद नवनियुक्त कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही मंडी से जुड़ी किसानों की सभी समस्याओं का निराकरण समय पर किया जाएगा और किसान हित में कार्य निरंतर किया जाएगा। सुशील शर्मा ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, मंत्री मोहम्मद अकबर, मंत्री शिव कुमार डहरिया, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया है। स्थानीय कृषि उपज मंडी में सुशील शर्मा के अध्यक्ष बनने की खबर सुशील शर्मा के समर्थकों को लगी उन्हें बधाई देने के लिए उनके घर पर लोगों का तांता लग गया। बड़ी संख्या में लोग उनके निवास पहुंचकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सुशील ने अपने घर पहुँचे सभी लोगो का मूहँ मीठा करा कर उनके प्रति आभार जताया ।

## सिर्री में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

**खरोरा/नवप्रदेश।** मंगलवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला व प्राथमिक शाला सिर्री के तत्वधान में शाला प्रांगण में नवप्रवेशित बच्चों क्रमश कक्षा 6वी व कक्षा पहिली का शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद अतिथियों का स्वागत सम्मान कर आए हुए अतिथियों ,पंचायत पदाधिकारियों , पालको एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल तिलक लगाकर आरती उतार कर व मिठाई खिलाकर , पुस्तक वितरण किया गया । साथ ही नवप्रवेशी बच्चों के पालकों से बच्चों की रुचि आदत व्यवहार भी शिक्षको द्वारा जानकारी ली गयी । जिससे की बच्चों को शिक्षा देने में समझने में सरल हो।

प्रवेशोत्सव के साथ ही प्राथमिक विभाग द्वारा ÷अंगना में शिक्षा÷ कार्यक्रम के तहत मेला टू का आयोजन भी किया गया ।जिसमें स्मार्टमाताओं का चयन किया गया । उक्त कार्यक्रम में खेल खेल में शिक्षा के तहत मेला का आयोजन किया गया एवं स्मार्टमाताओं में श्रीमती सुषमा वर्मा व अनीता ढ़ीढ़ी का चयन कर पुरस्कार दिया गया । इस कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच राजकुमार वर्मा , शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारीगण, पालकगण हीराबाई ध्रुव , शंकर सेन , भावना सेन , सुषमा वर्मा , जानकी , कोमल वर्मा , अश्वनी। , गंगा ,राजेश्वरी डिगेश्वरी ,अनीता ,दुलारी , गोदावरी प्रेमीन ,प्रधान पाठक रतन लाल वर्मा , कोमल प्रसाद कौशिक , शिक्षिका वंदना शर्मा ,सवित्री वर्मा , गायत्री देवांगन ,लक्ष्मी वर्मा , चंद्रशेखर वर्मा , कलावती ध्रुव , पूर्णिमा निषाद एवं माताएं शामिल थी। इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका वंदना शर्मा ने किया । सरस्वती वंदना की प्रस्तुति शिक्षिका कलावती ध्रुव द्वारा किया गया । आभार प्रधान पाठक रतन लाल वर्मा द्वारा किया गया।

## जगतगुरू शंकराचार्य का लिमतरा में हुआ स्वागत

**भाटापारा/नवप्रदेश।** भाटापारा से जगन्नाथपुरी जाने के लिए रायपुर रवाना होने पर ग्राम पंचायत लिमतरा पृथ्वीराज चौहान चौक में जगतगुरु गोवर्धन मठ शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज का भव्य स्वागत हेमसिंह चौहान के नेतृत्व में समस्त ग्राम वासियों द्वारा बाजे गाजे फूल माला भगवा झंडा एवं जय घोष करते हुए नारा लगाते हुए समस्त महिला पुरुष बालक बालिकाओं द्वारा किया गया,इस दौरान हम भारत भव्य बनाएंगे हम हिंदू राष्ट्र बनाएंगे हर हिंदू सेना हो हर हिंदू सनातनी हो का नारा गूंज रहा था हर हाथ में भगवा झंडा लहरा रहा था।इस अवसर पर राजेश अग्रवाल चोवा राम साहू राजकुमार निषाद राम सजीवन चौहान महावीर प्रमोद गिरी अनूप वैष्णव दाऊ लाल सेन गोविंद शर्मा टेकसिह फूलबाई लीलावती मंतराम कुर्रे जनक रमा शर्मा बहरीन भाई प्रवीण सिंह रुस्तम सिंह तारकेश्वर प्रकाश खेमसिह नीरज गोस्वामी गणेश यादव जय जय राम कांति भाई प्रेम सिंह सहित ग्राम वासी गण उपस्थित थे।

---

## प्रथम पेज का शेष

**महाराष्ट्र का राजनीतिक ....**

तारीफकरते हुए कहा कि एकनाथ शिंदे जी और देवेंद्र फडणवीस जी को बधाई। आज ये सिद्ध हो गया कि बीजेपी के मन में कभी मुख्यमंत्री पद की लालसा नहीं थी। 2019 के चुनाव में स्पष्ट जनादेश मा. नरेंद्र मोदी जी एवं देवेंद्र जी को मिला था। उद्धव ठाकरे ने सीएम पद के लालच में हमारा साथ छोड़कर विपक्ष के साथ सरकार बनाई थी। उन्होंने कहा कि पार्टी चाहती है कि देवेंद्र फडणवीस सरकार में रहें और उपमुख्यमंत्री का पदभार संभालें।

**ठाणे में चलाते थे...**

शिवसेना नेता के रूप में उभरे और जनहित के मुद्दों के प्रति आक्रामक दृष्टिकोण के लिए जाने जाते हैं।

**लैंडस्लाइड में दबा...**

कहना है कि खराब मौसम की वजह से रेस्क्यू मिशन में बाधाएं आ रही हैं, काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि लापता लोगों को बचाने के लिए ठोस प्रयास किया जा रहा है। सेना के हेलिकॉप्टर भी मौके पर पहुंच चुके हैं। भूस्खलन के वजह से इजाई नदी का प्रवाह प्रभावित हुआ है। यह नदी तामेंगलोंग और नोनी जिलों से होकर बहती है। जिला प्रशासन आस-पास के ग्रामीणों को सावधानी बरतने और जल्द से जल्द जगह खाली करने की एडवाइजरी जारी की है।

**अमरनाथ यात्रा के ...**

अनंतनाग जिले के पहलगाम में नुनवान आधार शिविर से रवाना हुए। उपायुक्त परयुष सिंगला ने आधार शिविर से 2,750 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाई।

श्री सिंगला ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी बंदोबस्त किए गए हैं। उन्होंने कहा, 'प्रयास यह है कि तीर्थयात्री सुरक्षित महसूस करें और शांतिपूर्वक तीर्थ यात्रा करें।'

**हैदराबाद में भाजपा ...**

भड़काने और अशांति फैलाने का मामला दर्ज किया है। खास बात है कि 2 जुलाई से शुरू हो रही भाजपा की बैठक में पीएम मोदी, शाह समेत पार्टी के कई बड़े नेता शिरकत करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी सिकंदराबाद में जनसभा को भी संबोधित कर सकते हैं। हाल ही में अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने सिकंदराबाद में जमकर हंगामा किया था।

**दिल्ली विधानसभा का...**

धन विधेयक (मनी बिल) लाने की मंजूरी दे दी है.

दिल्ली में एक विधायक को वर्तमान में वेतन और भत्ते के रूप में प्रति माह 54,000 रुपये की राशि मिलती है, जो बढ़ोतरी के बाद 90,000 रुपये हो सकती है. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मई महीने में दिल्ली सरकार को विधायकों के वेतन और भत्तों में संशोधन के लिए दिल्ली विधानसभा में विधायी प्रस्ताव पेश करने के लिए अपनी पूर्व स्वीकृति से अवगत कराया था.

विधानसभा सत्र के दौरान मौजूदा कोरोना महामारी को देखते हुए विधायकों को अनिवार्य रूप से फेस मास्क पहनना होगा. बुलेटिन में कहा गया है कि विधायकों को अनिवार्य रूप से कोविड टीकाकरण का फाइनल सर्टिफिकेट दिखाना होगा या फिर 4 जुलाई को सत्र शुरू होने से 48 घंटे पहले जारी किए गए कोरोना वायरस की निगेटिव रिपोर्ट दिखानी होगी.

**सत्ता गई पर तेवर ...**

में शिवसेना नेता को दूसरा समन भेजा है। उन्हें 1 जुलाई को पेश होना है।मंगलवार को राउत के वकील ने कहा था कि उन्होंने एजेंसी के सामने दस्तावेज पेश करने के लिए 13-14 दिनों का समय मांगा था।

बागी विधायकों पर लगाए बिकने के आरोप

गुरुवार को सांसद राउत ने बागी हुए विधायकों पर 'बिकने' के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आखिर इस संकट में मुझे जिम्मेदार ठहराने की वजह क्या है। शिवसेना से जाने वालों को कभी सीएम पद नहीं मिलेगा। शिवसेना सांसद ने कहा, 'नारायण राणे और छगन भुजबल जैसों को भी नहीं मिला। शिवसेना छोड़ दी तो करियर ही चौपट हो गया। हम मार्केट में जाकर विधायकों को खरीदना नहीं चाहते हैं। दूसरे लोगों ने उन्हें खरीद लिया है।'

**पाकिस्तान के खिलाफ...**

रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के अलावा गैर ब्रिक्स देशों जैस ईरान, मिस्र, फिजी, अल्जीरिया, कंबोडिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया और मलेशिया भी शामिल हुए।

पाकिस्तान ने कैसे किया शामिल होने का प्रयास

इसी कड़ी में पाकिस्तान ने भी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए ब्रिक्स आउटरीच कार्यक्रम में प्रवेश करने का प्रयास किया था लेकिन उसे सफलता नहीं मिल पाई। इसका एक कारण यह भी बताया जा रहा है कि ब्रिक्स सम्मेलन में अन्य आमंत्रित लोगों की तरह पाकिस्तान उभरते बाजारों की श्रेणी में फिट नहीं बैठता है और उसकी अर्थव्यवस्था श्रीलंका जैसे बड़े संकट से जूझ रही है। पाकिस्तान कर्ज चुकाने में भी लगातार चूक कर रहा है। उधर चीन में मौजूद भारतीय राजदूत ने कई द्विपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले ही विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की थी।

**पंजाब विधानसभा में ...**

की वजह से देशभर में विरोध हुए। पंजाब में भी इस योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए गए।'

उन्होंने आगे कहा, पंजाब विधानसभा को लगता है कि यह योजना युवाओं को केवल चार साल ही रोजगार देगी और बाद में केवल 25 फीसदी को ही स्थायी किया जाएगा। यह योजना ना तो राष्ट्र हित के नजरिए से सही है और ना ही युवाओं की भलाई में है। इससे युवाओं में असंतोष बढ़ेगा। बहुत सारे युवा लंबे समय तक सेना में रहकर देश की सेवा करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, गौर करने वाली बात है कि पंजाब के एक लाख से ज्यादा सैनिक सेना में रहकर देश की सेवा कर रहे हैं और बहुत सारे लोग देश सेवा में प्राणों का बलिदान भी दे देते हैं। ये युवा सेना में रहकर देश सेवा करने में ही गर्व का अनुभव करते हैं। इन युवाओं को उनके साहस और बलिदान के लिए जाना जाता है। लेकिन यह योजना युवाओं के सपनों को कुचलने वाले हैं। बहुत सारे युवा हैं जो कि सेना में स्थायी नौकरी का ख्वाब सजाए हैं।


**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**

संभाग-04 रायपुर (छ.ग.) मो. नं. 9424209069

**निविदा आमंत्रण सूचना** विज्ञापन क्र.-217

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग-04 सेजबहार, रायपुर के अंतर्गत अटल विहार योजनांतर्गत गोबरा नवापारा अभनपुर जिला रायपुर में सबमर्सिबल पम्प, कन्ट्रोल पैनल/कन्ट्रोल केबल, जी.आई. पाईप एवं ट्यूबवेल खनन कार्य हेतु 01 नग मैन्युवल निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की गयी है। कार्य की विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल की वेबसाईट www.cghb.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यालय संभाग-04 सेजबहार, रायपुर में संपर्क करें।



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**मैनुवल चतुर्थबार निविदा सूचना क्रमांक-08**

क्रमांक/1387/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2022-23 राजनांदगांव, दिनांक 28/06/2022

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'द' में दर्शित जिसमें जनपद पंचायत अंतर्गत विभिन्न मदों के स्वीकृत रु. 10.00 लाख से कम लागत के भवन एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्यों का सम्पादन करना, हेतु दर प्राप्त करने जोनल निविदा दिनांक 05.07.2022 तक आमंत्रित की जाती है :-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 05.07.2022 सायं 5.30 तक |
|---|---|---|
| जनपद पंचायत मानपुर | 40.00 | कार्यालय कार्यपालन अभियंता. ग्रा.यां. सेवा संभाग राजनांदगांव |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://resworks.gov.in में दिनांक 29.06.2022 से देखी जा सकती है।

जी-92587/1

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग
राजनांदगांव (छ.ग.)



**सम्पदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित हितग्राही को उनके समक्ष दर्शाए गए आवासीय भूखण्ड/भवन कबीर नगर रायपुर में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, द्वारा आबंटित है, हितग्राही द्वारा निम्नलिखित आवासीय भूखण्ड/भवन को फ्री होल्ड अधिकार में संपरिवर्तन हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेज, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

आबंटी का नाम श्री मुरलीधर साहू, पिता/पति का नाम श्री मदनलाल साहू, भवन/भूखण्ड क्र. MD-223 Ph-IV, कबीर नगर रायपुर

मकान नहीं घर बनाते हैं पीढ़ी से पीढ़ियों का रिश्ता बुनते हैं।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर



**कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)**
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

**//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //**

नामांतरण प्र.क्र.-124/2022-23
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-57 वार्ड स्थित भवन/भूमि/57/नया जो कि निगम अभिलेख में (1) श्रीमती दया खेमानी पति स्व. नेणुमल खेमानी (2) अनिल खेमानी, देवकुमार पिता स्व. नेणुमल खेमानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री देवकुमार खेमानी, अनिल कुमार खेमानी दोना पिता स्व. श्री नेणुमल खेमानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/दान पत्र/हिब्बानामा/रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)**
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

**//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //**

नामांतरण प्र.क्र.-125/2022-23
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-57 वार्ड स्थित भवन/भूमि/57/34/285, कटोरातालाब जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती दयावती खेमानी बेवा नेणुमल खेमानी के नाम से दर्ज है, जिसको (1) देवकुमार खेमानी (2) अनिल कुमार खेमानी दोना पिता स्व. श्री नेणुमल खेमानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/दान पत्र/हिब्बानामा/रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)**
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

**//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //**

नामांतरण प्र.क्र.-71/2022-23
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-57/फ्लैट नं. 303, ढेबर प्लाजा, बैरन बाजार जो कि निगम अभिलेख में श्री हैदर अली वादामी पिता वजीर अली के नाम से दर्ज है जिसको श्री अली रजा वादामी पिता स्व. श्री हैदर अली ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/दान पत्र/हिब्बानामा/रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**NAME CHANGE**

I, Shrawan Parmar S/o Indar Singh R/o Gram-Khejdiya, Post-Panchdehriya, Tehsil-Shujalpur, Ward No-10, Madhya Pradesh-465335, hereby undertake that I, Shrawan Parmar want to change my name to Kiara Parmar and Gender as FEMALE



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग मण्डल, रायपुर (छ.ग.)**

दिनांक : 28.06.2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

| क्र. | निविदा आमंत्रण सूचना क्र. | सिस्टम आई.डी. क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 07/SE/NH/G /15-11/2022 (3rd Call) | 2022_MoRTH_ 697563_1 | Maintenance of road (EPC Agreement) under Risk and cost basis Rehabilitation and upgradation from km. 130.000 to 180.000 (Kanker-Bedma section of NH-43 (new NH-30) | Rs. 99.95 Lacs | 13.07.2022 |
| 2 | 09/SE/NH/G /15-14/2022 (2nd Call) | 2022_MoRTH_ 697564_1 | BT Patch Repair work in km 57.00 to 70.00 & 91.00 of NH-130B | Rs. 25.71 Lacs | 13.07.2022 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H's) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड की जा सकती है।

जी-92608/4

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग मण्डल
रायपुर (छ.ग.)


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

## न्यूज गैलरी

### शाह ने बीरेन सिंह और वैष्णव से बात कर भूस्खलन की जानकारी ली

**नई दिल्ली (वार्ता)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात कर मणिपुर के तुपुल रेलवे स्टेशन के निकट भूस्खलन की घटना के बारे में जानकारी ली है। श्री शाह ने गुरूवार को ट्वीट कर कहा , ÷ मुख्यमंत्री एन बीरेन शाह और अश्विनी वैष्णव से मणिपुर के तुपुल रेलवे स्टेशन के निकट भूस्खलन के बारे में जानकारी ली। घटनास्थल पर बचाव अभियान चलाया जा रहा है। एनडीआरएफकी एक टीम पहले ही घटनास्थल पर पहुंच गयी है और अभियान में हाथ बंटा रही है। दो अन्य टीम तुपुल के लिए रवाना हो गयी हैं। उल्लेखनीय है कि मणिपुर के नोनी जिले में बुधवार आधी रात हुए भीषण भूस्खलन में प्रादेशिक सेना के कई जवान दब गये। हादसे में प्रादेशिक सेना के दो जवानों सहित आठ लोगों की मौत हो गयी है। बचाव टीमों ने 23 लोगों को बचा लिया है जबकि 50 अन्य के अभी भी लापता होने की खबर है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह घटनास्थल पर पहुंच गये हैं और बचाव अभियान पर नजर रखे हुए हैं। सेना, असम राइफल्स, मणिपुर पुलिस और स्थानीय लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर बचाव कार्य किया जा रहा है।

### मार्कोस ने ली फिलीपींस के राष्ट्रपति के रूप में शपथ

**मनीला (वार्ता/शिन्हुआ)।** फिलीपीन्स के 17वें राष्ट्रपति के रूप में फर्डिनेंड रोमुअलडेज मार्कोस जूनियर ने गुरुवार को राजधानी मनीला के नेशनल म्यूजियम में शपथ ली। श्री मार्कोस (64) पूर्व राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस के पुत्र हैं। श्री मार्कोस बेटे ने देशी बारोंग टागालोग फॉर्मल शर्ट पहने हुए है। उन्होंने अपनी 92 वर्षीय मां इमेल्डा और परिवार के सदस्यों सहित तमाम लोगों की मौजूदगी में राष्ट्रपति पद की शपथ ली। फिलीपींस कांग्रेस ने श्री मार्कोस को 25 मई को राष्ट्रपति चुनाव में विजेता घोषित किया, जिसमें 3.1 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने मतदान किया, जो कुल 58 प्रतिशत है। इससे पहले राष्ट्रपति पद पर श्री रोड्रिगो दुतेर्ते थे। उन्होंने अपने छह साल का कार्यकाल पूरा किया है। फिलीपीन्स संविधान राष्ट्रपति को छह साल के कार्यकाल की सेवा करने की अनुमति देता है।

### श्रीलंका ने रूस से मांगा तेल

**कोलंबो (वार्ता)।** श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को पत्र लिखकर आर्थिक तंगहाली की कड़ी मार झेल रहे अपने देश के लिए तत्काल तेल की आपूर्ति शुरू करने की मांग की है। 'डेली मिरर' ने राष्ट्रपति कार्यालय के सूत्रों के हवाले से कहा कि श्री राजपक्षे ने श्री पुतिन से तेल खरीद में सहयोग करने का आग्रह किया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों राष्ट्रपति किसी भी दिन टेलीफोन पर बातचीत करने की उम्मीद रखते और मॉस्को की आधिकारिक यात्रा की व्यवस्था करने की उम्मीद है। श्रीलंका इन दिनों ईंधन की भारी किल्लत का सामना कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि यह किल्लत ।0 जुलाई तक रहेगी। क्योंकि तेल की अगली खेप 10 से 12 जुलाई के बीच की पहुंच सकती है। सूत्रों ने इस बात की भी पुष्टि की कि भारत नकद भुगतान पर ईंधन की चार खेपें देने पर सहमत हो गया है। इधर चार जुलाई के बाद आने वाली तेल की अगली खेप तक सरकार ने लंका इंडियन ऑयल कंपनी से एक एक बार फिर सात हजार 500 टन डीजल खरीदा है जिसे आवश्यक सेवाओं के लिए काम में लिया जायेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि 73़10 करोड डॉलर का भुगतान बकाया होने के कारण श्रीलंका अब नियमित आपूर्ति से ईंधन खरीदने में असमर्थ है। श्रीलंका एक अभूतपूर्व आर्थिक संकट से जूझ रहा है जिसके कारण भोजन, ईंधन और दवाओं की व्यापक कमी हो रही है।

### काबुल से अफगान सिख का एक दल भारत रवाना

**नई दिल्ली (वार्ता)।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के कर्ता परवान गुरुद्वारे में हुए आतंकवादी हमले के कुछ दिनों बाद गुरुवार को 11 अफगानी सिखों का एक दल भारत पहुंच रहा है। इस हमले में एक अफगानी सिख और एक अफगानी सुरक्षा कर्मी की मौत हो गई थी। ये लोग अपने साथ 18 जून को गुरुद्वारा हमले में मारे गए अफगान सिख स्विंदर सिंह की अस्थियां लायेंगे। हमले में घायल लोगों में से एक रकबीर सिंह भी इस दल में शामिल हैं। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट की खुरासान इकाई ने गुरुद्वारे में हमले को अंजाम था। अमृतसर के शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के द्वारा भारतीय विश्व मंच और भारत सरकार के समन्वय से अफगान हिंदुओं और सिखों को अफगानिस्तान से भारत में ले आने का इंतजाम किया जा रहा है। इंडियन वर्ल्ड फोरम के अध्यक्ष पुनीत सिंह चंडोक ने कहा कि अमृतसर के शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी हवाई यात्रा के किराए के रूप में मानवीय सहायता प्रदान कर रही है और इसके साथ ही भारत में पुनर्वास चाहने वालों को भी इनके द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। कमेटी के अधिकारी, अफगानी हिंदू और सिख समुदाय के नेता काफिले का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद रहेंगे।

### पॉप गायक आर केली को यौन अपराधों के लिए 30 साल कैद की सजा

**वाशिंगटन (वार्ता)।** अमेरिकी पॉप गायक आर केली को महिलाओं और बच्चों के यौन शोषण के मामले दोषी ठहराए जाने के बाद 30 साल कैद की सजा सुनाई गई है। बीबीसी ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। आर एंड डी संगीत शैली के कलाकार 55 वर्षीय कलाकार को पिछले साल सितंबर में न्यूयॉर्क में यौन तस्करी से संबंधित अपराधों के लिए दोषी पाया गया था। आर केली के वकील ने कहा था कि एक बार सजा सुनाए जाने के बाद वह आगे अपील करेंगे। बताया जा रहा है कि फैसला सुनाए जाते वक्त केली जेल के पोशाक व काले चश्मों में नजर आए। उन्होंने इस दौरान कुछ भी कहने से मना कर दिया, कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और सिर झुकाकर रखा। अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के न्यायाधीश एन डोनेली ने फैसला सुनाते वक्त कहा कि आर केली ने सेक्स का उपयोग अपने एक हथियार के रूप में किया, उन्होंने पीड़ितों के साथ ऐसा बर्ताव किया जो कहने योग्य नहीं है और ये पीड़ित बाद में यौन संबंधित संक्रमित बीमारियों की चपेट में भी आए।

### ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता बिना किसी प्रगति के समाप्त हुई

**दोहा (वार्ता)।** ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बढ़ते संकट के बीच ईरान के परमाणु समझौते को लेकर उसके और अमेरिका के बीच परोक्ष वार्ता बिना गतिरोध तोड़े समाप्त हो गई। 'खलीज टाइम्स'ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। कतर की राजधानी दोहा में इस वार्ता का आयोजन किया गया था, जो बिना किसी ठोस समाधान के दो दिनों बाद खत्म हो गई। इससे पहले, विएना में इसका आयोजन किया गया था लेकिन इस दौरान भी वार्ता से संबंधित अहम मुद्दों पर बात नहीं बनी थी। इस बीच, ईरान ने परमाणु संयंत्रों की निगरानी कर रहे अंतरराष्ट्रीय परमाणु उर्जा एजेंसी (आईएईए) के निगरानी कैमरों को हटा दिया और अभी ईरान के पास परमाणु बम बनाने के लिए पर्याप्त यूरेनियम है। ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता का यह दौर भी आरोप-प्रत्यारोप के साथ खत्म हो गया। फिलहाल यह अस्पष्ट है कि अगले दौर की बैठक कब होगी।

**मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली में दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत की घोषणा की**

# देश में मानसून की दस्तक, 'आसमानी' पानी से नहाई दिल्ली

**नई दिल्ली (वार्ता)।** राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाकों में गुरुवार को लोगों को 'आसमानी पानी' ने भीषण गर्मी और उमस से निजात दिलाई और सुहावने मौसम का आनंद लेने के लिए लोग घरों से बाहर निकले इस दौरान हालांकि जगह-जगह यातायात जाम और जल भराव की समस्या से भी लोगों को दो-चार होना पड़ा।

मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली में दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत की घोषणा की, जिसके बाद आज सुबह राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभााग ने ट्वीट किया, ÷ दक्षिण-पश्चिम मॉनसून गुरुवार, 30 जून, 2022 को पूरे उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर, राजस्थान के कुछ हिस्सों, पूरी दिल्ली, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। राष्ट्रीय राजधानी में जगह-जगह 'ऑरेंज' अलर्ट है। मौसम विभाग ने धूल भरी तेज हवाओं के साथ मध्यम तीव्रता की बारिश की भविष्यवाणी की है। विभाग के अनुसार, शहर में न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य मौसम का औसत तापमान है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह साढ़े आठ बजे 80 प्रतिशत दर्ज की गई। शहर में अधिकतम तापमान 35 के आसपास रहने की संभावना है। विभाग ने आमतौर पर मध्यम बारिश के साथ बादल छाए रहने और तेज हवाओं तथा गरज के साथ बौछारें पड़ने की भविष्यवाणी की है।

दिल्ली यातायात पुलिस ने आज सड़क यात्रियों के लिए एक एडवाइजरी जारी की। उसने ट्वीट किया,÷ मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, ' तेज हवाओं और गरज से साथ पूरी दिल्ली और आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम तीव्रता की बारिश होगी। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा की योजना उसी के अनुसार बनाएं। शूटिंग रेंज की ओर से आने वाले यात्री लाल कुआं रेड लाइट से बाएं मुड़ सकते हैं और बदरपुर की ओर से आने वाले यात्री मथुरा रोड से अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं। असुविधा के लिए खेद है। उसने कहा, ÷रेलवे अंडरपास पुल प्रह्लादपुर पर यातायात की यातायात सलाहकार आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। जलभराव के कारण दोनों मार्ग बंद हैं। शहर में भारी बारिश से शहर के विभिन्न हिस्सों में जाम की स्थिति बन गई है। आईटीओ, बारापुल्ला, रिंग रोड और राजधानी की सीमाओं, विशेष रूप से दिल्ली-नोएडा सीमा, चिल्ला बॉर्डर, उत्तर प्रदेश गेट, दिल्ली-गुरुग्राम सड़क पर बारिश के कारण भारी जाम की समस्या उत्पन्न हो गई। प्रगति मैदान के पास, विनोद नगर के पास दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, पुल प्रहलादपुर अंडरपास, डब्ल्यूएचओ बिल्डिंग के सामने आईपी एस्टेट, जखीरा फ्लाईओवर के नीचे, जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन, लोनी रोड राउंडअबाउट और आजादपुर मार्केट अंडरपास के पास भी जलभराव की सूचना मिली थी। इस बीच, शहर में एक जून से सामान्य 66.7 मिमी के मुकाबले सिर्फ24.5 मिमी बारिश हुई है। यह बारिश 16-20 जून के दौरान दर्ज की गयी।

## टीम को फ़िटनेस और फील्डिंग सुधारने की ज़रूरत है : हरमनप्रीत

**कोलम्बो (वार्ता)।** श्रीलंका के ख़िलाफ़ वनडे सीरीज़ भारतीय महिलाओं के लिए नई शुरुआत है। मिताली राज के संन्यास के बाद यह भारत की पहली सीरीज़ है। टी20 सीरीज़ में 2-1 से जीत के बाद भारत वनडे सीरीज़ में भी जीत दर्ज करना चाहेगा। हरमनप्रीत कौर अब सभी फ़ॉर्मेट की कप्तान हैं और वह इसको लेकर उत्साहित भी है। वनडे सीरीज़ से पहले प्रेस कॉन्फ़्रेंस में उन्होंने कहा, ÷जब मैं टीम का नेतृत्व करती हूं तो मुझे लगता है कि मैं खेल से अधिक जुड़ी हूं। इससे मुझे बहुत आत्मविश्वास मिलता है। कप्तानी मेरे अंदर नैसर्गिक है और जब आपका इसमें अनुभव बढ़ता जाता है तब आपके लिए चीज़ें और आसान होती जाती हैं। अब मेरे ऊपर कप्तानी का कोई अतिरिक्त दबाव नहीं होता है। अब मैं जो करना चाहती हूं, कर सकती हूं। मुक्त माहौल होने से खिलाड़ियों को भी अपना खेल सुधारने में मदद मिलती है। मैं उन्हें पूरी स्वतंत्रता देती हूं ताकि वे अपना सर्वश्रेष्ठ कर सकें। भारत को इस साल राष्ट्रमंडल खेल और अगले साल की शुरुआत में टी20 विश्व कप खेलना है। इसलिए हरमनप्रीत खिलाड़ियों की फ़िटनेस से कोई समझौता नहीं करना चाहती हैं।उन्होंने कहा, ÷एक कप्तान के रूप में मैं हमेशा कुछ लक्ष्य रखती हूं। फ़िटनेस इसमें सबसे प्रमुख है और मैं इस मामले में अपनी टीम के लिए एक उदाहरण बनना चाहती हूं। इसके अलावा मैं अपनी टीम की फ़ील्डिंग में भी सुधार देखना चाहती हूं। भारत के पास ऋषिकेश कानितकर के रूप में बल्लेबाज़ी कोच और रमेश पोवार के रूप में मुख्य कोच हैं, जो गेंदबाज़ी कोच का भी काम देखते हैं। वहीं विश्व कप के लिए टीम के साथ मानसिक स्वास्थ्य कोच मुग्धा बावरे को भी जोड़ा गया था, जो अब टीम के साथ नहीं हैं। हालांकि हरमनप्रीत इसकी ज़रूरत महसूस करती हैं।

उन्होंने कहा, मुग्धा मैम ने विश्व कप के दौरान मेरी बहुत मदद की थी। वह बहुत मेहनत करती हैं और टीम में उनके जैसे लोगों की ज़रूरत है। फ़िलहाल वह टीम के साथ नहीं हैं लेकिन उम्मीद है कि हमें कोई ऐसा मिल सकेगा जो हमारे साथ लंबे दौरों पर यात्रा कर सके। कभी-कभी आपको ऐसे लोगों की ज़रूरत होती है, जो आपकी छोटी समस्याओं को भी सुन सकें। अगर आप मानसिक रूप से फ़िट हैं तो आप अपना खेल सुधार सकते हैं और मैदान पर अपना 100त्न दे सकते हैं।

## द्रौपदी मुर्मू और यशवंत सिन्हा के नामांकन पत्र सही पाये गये

**नई दिल्ली (वार्ता)।** राष्ट्रपति चुनाव के लिए दायर किये गये 115 नामांकन पत्रों में से केवल दो उम्मीदवारों राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की द्रौपदी मुर्मू और विपक्ष के साझा उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के नामांकन पत्र सही पाये गये हैं। राज्यसभा के महासचिव और राष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी पी सी मोदी ने गुरूवार को बताया कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दायर करने की प्रक्रिया 15 जून को शुरू हुई थी और नामांकन के अंतिम दिन 29 जून तक कुल 115 नामांकन पत्र दायर किये गये थे। उन्होंने कहा कि आज नामांकन पत्रों की जांच के बाद केवल दो उम्मीदवारों श्रीमती मुर्मू और श्री सिन्हा के नामांकन पत्र ही सही पाये गये हैं तथा बाकी अन्य उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों को अलग अलग खामियों के चलते खारिज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यक्रम के अनुसार दो जुलाई को शाम तीन बजे तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। इसके बाद राष्ट्रपति चुनाव में हिस्सा लेने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जायेगी और यदि जरूरी हुआ तो मतदान 18 जुलाई को तथा मतों की गिनती 21 जुलाई को की जायेगी। चुनाव के लिए दायर कुल 115 नामांकनों में से 28 को दायर करने के समय ही खारिज कर दिया गया था। इन नामांकन पत्रों को राष्ट्रपति तथा उप राष्ट्रपति अधिनियम 1952 की धारा 5 बी (4) के तहत खारिज किया गया। बाकी बचे 87 नामांकन पत्रों की जांच की गयी।

### अमेरिका ने सीरिया में किया युद्ध विराम का आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र (वार्ता/स्पूतनिक)।** अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2254 के अनुरूप सीरिया में राष्ट्रव्यापी संघर्ष विराम का आह्वान किया है। अमेरिकी उप स्थायी प्रतिनिधि रिचर्ड मिल्स ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में यह जानकारी दी। श्री मिल्स ने बुधवार को कहा, 'हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2254 के अनुरूप सीरिया में राष्ट्रव्यापी संघर्ष विराम का आह्वान करते हैं।' उन्होंने राजनीतिक समाधान पर चर्चा की विफलता के लिए सीरियाई सरकार को दोषी ठहराया और उम्मीद जताई कि अगली बैठक के दौरान इस पर कुछ बात बन सकती है। श्री मिल्स ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि जिनेवा में अगले महीने नौवें दौर की बैठक में काफी लंबे समय से लंबित राजनीतिक प्रगति पर बात करने का अवसर मिलेगा जिसके सीरियाई लोग हकदार हैं।'

## देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 18 हजार से अधिक मामले

**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारत में सक्रिय मामलों की संख्या 104555 है, जिनमें पिछले 24 घंटे में 18,819 का इजाफा हुआ है। पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण से 39 और मरीज जिंदगी की जंग हार गये और इसी के साथ इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 525116 तक पहुंच गई है।

इसी समयावधि में कुल 13827 मरीज कोरोना को मात देकर पूरी तरह से ठीक भी हुए हैं, जिसके साथ ही ठीक होने वालों का आंकड़ा 42822493 तक पहुंच गया। नये आंकड़ों के साथ देश में सक्रिय मामलों की दर 0.24 प्रतिशत, स्वस्थ होने की दर 98.55 प्रतिशत और मृत्यु दर 1.21प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी आंकडों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 452430 कोरोना टेस्ट किये गये जिससे अब कुल टेस्ट की संख्या 86.23 करोड़ हो गई है। देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के तहत 197.61 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं, जिनमें से आज सुबह आठ बजे तक 1417217 टीके दिये गये हैं। केरल में कोरोना वायरस के 774 सक्रिय मामले बढ़कर 28860 हो गये हैं। इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 3668 बढ़कर 6535869 हो गयी है, इसी दौरान 17 मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 69993 हो गयी है।

महाराष्ट्र में सक्रिय मामलों की संख्या 254 बढ़कर 25735 हो गयी है और 3696 और लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों का आंकड़ा 7798817 तक पहुंच गया है। मृतकों का आंकड़ा 147922 है।

कर्नाटक में सक्रिय मामलों की संख्या 789 बढ़कर 5707 हो गयी है तथा 54 और लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों का आंकड़ा 3922541 तक पहुंच गया है।

## रसोई गैस सिलेंडर कीमत को लेकर राहुल का मोदी पर कड़ा हमला

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रसोई गैस सिलेंडर के दाम में भारी वृद्धि को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कड़ा हमला करते हुए गुरुवार को कहा कि श्री मोदी नकली आंसू बहाने में माहिर हैं और जनता के दुख दर्द से उनका कोई लेना देना नहीं है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि उज्ज्वला योजना को लेकर श्री मोदी ने तो भावुक बातें कहीं और जितने आंसू बहाये वे सब नकली थे। उनका कहना था कि सूचना के अधिकार के तहत मिली एक जानकारी के अनुसार सिलेंडर की कीमत बहुत ज्यादा होने के कारण देश में 3.59 करोड़ ग्राहकों ने रसोई गैस सिलेंडर नहीं भरवाया है। रसोई गैस सिलेंडर कीमत आज 1000 से ज्यादा हो चुकी है। श्री गांधी ने फेसबुक पर पोस्ट अपने इस संदेश में कहा, ÷मई 2016 में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत हुई। पेट्रोल पंप से लेकर अख़बार तक, इस योजना पर करोड़ों रूपए ख़र्च किये गए फ़िर 10 अगस्त, 2021 को उज्ज्वला 2.0 का लॉन्च कर फ़िर से जनता के टैक्स के पैसों से विज्ञापनों पर करोड़ों उड़ाए गए। फ़िर धीरे-धीरे सिलिंडर के दाम बढ़ाए गए और आज एक सिलेंडर भराने की कीमत 1000 रुपए हो चुकी है। मैंने कहा था कि प्रधानमंत्री जी ने दो हिंदुस्तान बना दिये हैं, एक अमीरों का और एक ग़रीबों का। उन्होंने कहा, अपनी एक रैली में, चूल्हे पर खाना बनाने वाली मांओं के लिए प्रधानमंत्री जी कुछ ज़्यादा भावुक हो गए थे लेकिन आज सिर्फ़ एक वर्ष (2021-22) में ही 3.59 करोड़ लोगों को चूल्हा फूंकने पर मजबूर कर दिया है।

### यूक्रेन के 144 सैनिकों ने की घर वापसी

**कीव (वार्ता)।** यूक्रेन में इस साल 24 फरवरी को शुरू हुए रूसी सैन्य अभियान के बाद से अब बड़े पैमाने पर युद्धबंदी रिहा किए गए। बुधवार को टेलीग्राम पर अपने एक संदेश में यूक्रेन के सैन्य खुफिया विभाग ने कहा, 'यह रूसी सैन्य अभियान के शुरू होने के बाद अब तक युद्धबंदियों की रिहाई का सबसे बड़ा आदान-प्रदान है। कुल 144 यूक्रेनी युद्धबंदी रिहा किए गए हैं, जिनमें से 95 अज़ोवस्टल स्टील प्लांट की रक्षा में तैनात जवान थे।' 'द गार्डियन' ने एक रूसी समर्थक अलगाववादी प्रमुख के हवाले से युद्धबंदियों की अदला-बदली की पुष्टि करते हुए कहा कि 144 अलगाववादी सैनिकों को लौटा दिया गया है।

## पाकिस्तान में कोरोना के बढ़ते मामलों पर शहबाज शरीफने जताई चिंता

**इस्लामाबाद (वार्ता)।** पाकिस्तानी अधिकारियों ने कोविड के बढ़ते मामलों को मद्देनजर रखते हुए राष्ट्रीय कमान और संचालन केंद्र के दिशानिर्देशों को ÷पूरी तरह से लागू÷ करने का निर्णय लिया। खलीज टाइम्स ने गुरुवार को यह जानकारी दी। प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने भी कोरोनो वायरस मामलों की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त की है और इससे बचाव के लिए एहतियाती कदम उठाने की सलाह दी है। एनसीओसी सभी भूमिकाएं और जिम्मेदारियां राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) को सौंप दी गईं। जब देश में तीन महीने में पहली बार 500 के करीब कोविड संक्रमण के मामलों सामने आए, तब एनसीओसी को दोबारा जिम्मेदारियों को सौंपने का निर्णय लिया गया। 'जियो न्यूज के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के 541 नए मामले सामने आए हैं, जिससे यहां सकारात्मकता दर बढ़कर तीन प्रतिशत हो गयी है। देश भर में 15462 लोगों का कोविड परीक्षण किया गया। 'जियो न्यूज' के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में इस महामारी से एक मरीज की मौत हुई है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 30,392 हो गयी है। पांच हजार 269 सक्रिय मामलों में से 100 मरीज को गंभीर चिकित्सा इकाई में रखा गया है।

**पिछले साल पांच मैचों की सीरीज का पांचवा टेस्ट कोरोना के कारण नहीं हुआ था**

# भारत की नजरें सीरीज जीत पर, इंग्लैंड की ड्रा पर

**बर्मिंघम (वार्ता)।** भारतीय क्रिकेट टीम नए कप्तान और नए कोच के मार्गदर्शन में इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट में सीरीज जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेगी जबकि इंग्लैंड का लक्ष्य इस मैच को जीतकर सीरीज ड्रा कराना होगा।

पिछले साल पांच मैचों की सीरीज में चार टेस्ट खेले गए थे और कोरोना के कारण पांचवां टेस्ट नहीं हुआ था। यही पांचवां टेस्ट एक साल बाद जाकर अब खेला जा रहा है। भारतीय टीम चार में से दो टेस्ट जीतकर सीरीज में 2-1 से आगे है। सीरीज जीतने के लिए उसे यह मैच जीतना या ड्रा कराना है। हालांकि पिछले साल की तरह इस साल भी भारत और इंग्लैंड दोनों टीमें कोरोना से जूझ रही हैं। लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं और अब टेस्ट रद्द या स्थगित होने जैसी कोई बात नहीं है। हाल ही में ख़त्म हुए इंग्लैंड-न्यूज़ीलैंड सीरीज़ के दौरान भी दोनों टीमों के कुछ खिलाड़ी कोरोना पॉज़िटिव हुए लेकिन सीरीज़ जारी रखने पर कोई सवाल नहीं उठा। इसी तरह यह टेस्ट मैच भी तय समयानुसार होगा। जब यह सीरीज़ शुरू हुई थी तो रवि शास्त्री टीम इंडिया के कोच थे, अब वह कॉमेंटेटर के रूप में इस सीरीज़ को ख़त्म करेंगे। मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा और केएल राहुल इस सीरीज़ में दो सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़ थे लेकिन अब दोनों ही इस टेस्ट मैच से बाहर हैं। रोहित कोरोना संक्रमित हैं। बुधवार को उनका कोरोना टेस्ट फिर पॉजिटिव आया था। हालांकि भारत के पास मयंक अग्रवाल के रूप में विकल्प मौजूद है, जिनकी चोट के कारण केएल राहुल ने यह सीरीज़ एक सलामी बल्लेबाज़ के रूप में खेली थी। भारत के नए कोच राहुल द्रविड़ और नए कप्तान जसप्रीत बुमराह हैं। पिछले साल टीम के कप्तान विराट कोहली थे जो इस बार विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में खेल रहे हैं।

भारतीय टीम के सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ तेज़ गेंदबाज़ों में से एक इशांत शर्मा भी अब टीम के साथ नहीं हैं। वह सिर्फ़ 33 साल के हैं और ऐसा माना जा रहा है कि उन्होंने अपना आख़िरी टेस्ट खेल लिया है। हालांकि कोई भी उनको लेकर भावुक नहीं है। कोई हो भी क्यों? भारत के पास पहले से ही मोहम्मद सिराज के रूप में उनका विकल्प मौजूद है। इसके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा भी लाइन में हैं, जिनका वनडे औसत 17 और प्रथम श्रेणी औसत 18 का है।

रविचंद्रन अश्विन भारत के सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में से एक हैं लेकिन उनका भी इस सीरीज़ के एक मैच में भी ना खेलना बताता है कि भारतीय टीम में कितनी गहराई है।

### फ्रांस में सलाह अब्दुस्सलाम आतंकवाद और हत्या का दोषी करार

**पुणे (वार्ता)।** पेरिस आतंकी हमले के मुख्य संदिग्ध सलाह अब्दुस्सलाम को यहां की एक अदालत ने आतंकवाद और हत्या के आरोपों का दोषी पाया है। बीबीसी ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। साल 2015 के नवंबर में हुए इस आतंकवादी हमले में अब्दुस्सलाम की अहम भूमिका को देखते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इस हमले में 130 लोगों की मौत हुई थी। अदालत ने हमले में शामिल 19 अन्य लोगों को भी दोषी ठहराया, जिनमें से छह के मारे जाने की आशंका है। 13 नवंबर, 2015 को किए गए इस हमले में बार, रेस्तरां, फुटबॉल स्टेडियम और बाटाक्लान थिएटर को निशाना बनाया गया था।

# मुख्यमंत्री बघेल ने मनेन्द्रगढ़ विस क्षेत्र को दी 80.19 करोड़ रुपए की विकास कार्यों की सौगात

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा नई लेदरी हसदेव रेस्ट हाउस में मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुल 80 करोड़ 19 लाख रुपए की लागत के 25 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया, जिनमें 66 करोड़ 62 लाख रुपए लागत के 17 कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन 13 करोड़ 56 लाख रुपए की लागत के 08 कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, संसदीय सचिव अम्बिका सिंहदेव, विधायक डॉ. विनय जायसवाल और गुलाब कमरो भी उपस्थित थे।

### लोकार्पण के प्रमुख कार्य –

पोंडीडीह से जरौंधा 32.85 कि.मी. का निर्माण कार्य का लोकार्पण जिसकी लागत राशि 23 करोड़ 33 लाख रुपए है। पोंड़ी से मुगुम (जिला कोरबा सीमा) तक 10.30 किमी सड़क निर्माण लागत राशि 7.55 करोड़ रुपए, नई लेदरी पाराडोल मार्ग पर हसदेव नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग 6.76 करोड़ रुपए लागत राशि से, रतनपुर से चोपन व्हाया कोटेया मार्ग पर आंजन नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य 5.10 करोड़ रुपए लागत राशि से, तथा उधनापुर से पैनारी तक सड़क निर्माण कार्य लंबाई 07 कि.मी. कार्य का 5.24 करोड़ रुपए का लोकार्पण किया गया।

### भूमिपूजन के प्रमुख कार्य

भूमिपूजन के तहत मुख्य रूप से शामिल पेण्ड्री अटल चौक से मटूकपुर मार्ग का निर्माण 6.70 कि.मी. लंबाई 8.09 करोड़ रुपए लागत राशि से बनाया जाएगा। क्रेडा के माध्यम से मनेन्द्रगढ़ मे प्रकाश व्यवस्था हेतु 50 नग सोलर हाई मास्ट की स्थापना जिसकी लागत राशि 2.02 करोड़ रुपए होगी। मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों में स्ट्रीट लाईट 1.20 करोड़ रुपए लागत राशि से, मनेन्द्रगढ़ के एन.एच. 43 से तिराहा चौक पहुँच मार्ग लंबाई 500 मी. का निर्माण कार्य लागत राशि 49.34 लाख रुपए और कोरिया के वनवासी कल्याण आश्रम से अगरियापारा लालपुर पहुंच मार्ग लं. 810 मी. निर्माण कार्य जिसकी लागत राशि 49.77 लाख रुपए होगी।

# चोटिया कोल ब्लॉक से कोयला नहीं निकाल पाया बालको

## अब बर्रा कोल ब्लॉक के लिए लगाई बोली

**कोरबा/नवप्रदेश।** कार्पोरेट जगत की नीति भी क्या कमाल की है। बालको कंपनी ने पॉवर प्लांट के लिए चोटिया खदान से कोयला निकालने खदान लिया और कोयला का एक ढेला भी नही निकला। अब कंपनी ने रायगढ़ जिले के बर्रा कोल ब्लॉक से कोयला निकालने की बोली लगा रहे हैं।

बता कि साल 2015 में चोटिया कोल माइन्स से कोयला निकालने की बोली लगाकर बालको ने खदान को अलॉट तो करा पर कोयला नहीं निकला। इससे सरकार को प्रति वर्ष 2500 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ रहा है। खनिज विभाग के कई बार चिट्ठी लिखने के बाद भी कंपनी ने उल जुलूल तर्क देकर उत्खनन को बंद कर दिया। जानकारों की माने तो इन सब के पीछे कंपनी का लॉस बताया कि रहा है। क्योंकि बालको ने चोटिया माइंस की उच्च बोली लगाकर खदान को लिया था।

यही वजह है उसे संचालन करने में नानी याद आ गई और उसने खदान को सरेंडर करने की योजना बनाई। जिससे कंपनी को होने वाली घाटे से बचा जा सके। जानकारों की माने तो खदान से निकलने वाली कोयला का उत्पादन लागत एसईसीएल की कोयला से अधिक है। इसी वहज से खदान से उत्खनन बंद किया गया है और एसईसीएल से कोयला खरीदकर पावर प्लांट को संचालित कर रहा है।

### बालको ने बेरोजगारों को ठगा

ओपन कोल माइन्स से कोयला उत्खनन शुरू होने से क्षेत्र के लोगो को रोजगार की आस थी। खदान से उत्खनन के अलावा ट्रांसपोर्टिंग और अन्य रोजगार सृजित होने की उम्मीद थी। बालको की वजह से ग्रमीणों को रोजगार नही मिल सका। जानकारों की माने तो कोयला खदान होने के बाद भी क्षेत्र के लोगो को रोजगार के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है।

> बालको के चोटिया कोल माइंस से उत्खनन पूरी तरह बंद है। खदान को शुरू कराने बालको प्रबंधन को कई बार चिट्ठी जारी किया गया है। माइंस से उत्खनन न होने से प्रति बर्ष करीब 25 सौ करोड़ का राजस्व हानि हो रहा है।
>
> **एसएस नाग,** उप संचालन खनिज

### 16 हजार करोड़ का राजस्व हानि

बालको कंपनी के एक डिसीजन की वजह से सरकार को बीते 6 सालों में 16 हजार करोड़ का नुकसान हुआ है। इस भारी भरकम राजस्व हानि ने जिले के विकास के लिये अवरोधक साबित हुआ है। यही नही उर्जाधानी के युवाओं के सपना को भी चकनाचूर किया है। सरकार को हुए राजस्व हानि पर लोगों ने चुटकी लेते हुए जिला प्रशासन के कार्यो पर सवाल उठा रहे है।

## हाईवे किनारे अवैध दुकान की बाढ़

**पिथौरा।** नेशनल हाईवे 53 के आरंग से सरायपाली तक हाईवे के किनारे अवैध दुकान संचालित होने शुरु हो चुके हैं जिससे हाई स्पीड वाहन से हादसा होने की संभावना बढ़ गई है। सड़क परिवहन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण के चलते फेसिंग तार सड़क के अगल बगल घेरा लगवाया है किंतु कुछ जगह पर लोगों ने अवैध दुकान कब्जा कर संचालित करते नजर आ रही है जोकि हादसे को बुलावा देती दिखाई दे रही है। इस प्रकार के सड़क के किनारे संचालित अवैध दुकानों को लेकर टोलप्लाजा संचालक ने भी विभाग को अवगत कराया है पर जिनके अधिकार में है इसे हटवाना उन्होंने गंभीरता नहीं दिखाई 7 हाईवे के किनारे फेसिंग के अंदर संचालित दुकानों को हटाने की कार्रवाई प्रशासन की है हादसा होने के पूर्व कार्रवाई से जानमाल बचाव किया जाना चाहिए। पिथौरा और उससे लगे झलक सांकरा में अनेक जगह हाईवे किनारे फेसिंग तार के अंदर दुकान खुल चुके हैं हाईवे के किनारे दुकानों को हटाने टोल अधिकारी समझाईश देते रहें हैं किन्तु वो सिर्फ कह सकते हैं कार्रवाई प्रशासन के जरिये होगी।

जेड यू. खान
मो. 9826312888
अजीज खान एण्ड ब्रदर्स
9993965299, 9755254060
मार्डन प्लास्टर आर्ट
प्लास्टर ऑफ पेरिस, पी.ओ.पी. एवं जिप्सम बोंड, बॉटल, चैनल एल व सीट मोल्डिंग फूल पिलर्स व एसेसरीज सामाग्री के विक्रेता
फाल सीलिंग का कार्य भी किया जाता है
संतोषी नगर चौक, रिंग रोड नं.1, नंदु एलायमेंट के बाजु, रायपुर (छ.ग.)

गुरूकृपा डेन्टल केयर (मल्टी स्पेश्यालिटी)
Happy Doctor's Day
दांत का अस्पताल
डॉ. श्रुति सिन्हा
(बीडीएस, एमडीएस)
समय : सुबह 10 बजे से 8 बजे तक
For Appointment
Call : 7000875867, 7470567833
पता : जलगृह मार्ग, अभिनंदन टॉवर के पास, मेन रोड, भाटागांव, रायपुर (छ.ग.)






संवाद – 33055